# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, गुरुवार
24 अप्रैल 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 55 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## हमले में पाकिस्तान का हाथ, दो लोकल और दो पाकिस्तानी शामिल, तीन संदिग्धों के स्केच जारी



जम्मू। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले पर एक बड़ा खुलासा हुआ है। हमले में शामिल चार आतंकियों को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। हमले में दो स्थानीय आतंकी और दो पाकिस्तानी आतंकियों की भूमिका की जानकारी मिली है। संदिग्ध आतंकियों के स्केच भी जारी किए गए हैं।

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद देश में उबाल है। सुरक्षा एजेंसियां दहशतगर्दों की तलाश में जुटी है। हेलीकॉप्टर, ड्रोन से आतंकियों की तलाश की जा रही है। इस बीच, आतंकी हमले पर नया अपडेट आया है। जानकारी मिली है कि पहलगाम हमले में दो पाकिस्तानी दहशतगर्द भी शामिल थे। उनके साथ में दो स्थानीय आतंकी भी थे। अब तक चार आतंकियों के बारे में जानकारियां सामने आई हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने हमला करने वाले तीन आतंकियों के स्केच भी जारी किए हैं।

बायसरन घाटी में मंगलवार को आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग पर्यटक घायल हैं। आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाते हुए गोलीबारी की।

हमले के बाद बुधवार सुबह से सेना से लेकर एनआईए, पुलिस और अन्य एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं। ड्रोन और हेलिकॉप्टर से चप्पे-चप्पे पर निगरानी की जा रही है। साथ ही आतंकियों की तलाश की जा रही है। जम्मू कश्मीर से दिल्ली तक हाई अलर्ट जारी है।

शेष पेज 2 पर

# पाकिस्तान का हुक्का पानी बंद

## सिंधु जल समझौते पर रोक, पाक नागरिकों को 48 घंटे में देश छोड़ने का अल्टीमेटम

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार शाम कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की अहम बैठक हुई। इसमें पाकिस्तान के खिलाफ पांच कड़े फैसले लिए गए।



विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि भारत ने सिंधु जल समझौते को फिलहाल रोकने का निर्णय लिया है। यह कदम भारत-पाकिस्तान संबंधों में बढ़ते तनाव के मद्देनजर उठाया गया है। सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क के तहत जारी किए गए सभी वीजा छूट रद्द करने का फैसला भी किया है। इसके अलावा भारत में मौजूद पाकिस्तानी दूतावास को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी राजनयिकों को 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने का निर्देश दिया है। इस फैसले के साथ ही अटारी बॉर्डर चेकपोस्ट को भी बंद किया जाएगा, जिससे भारत और पाकिस्तान के बीच जमीनी संपर्क भी समाप्त हो जाएगा। ये सभी फैसले भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और आंतरिक स्थिरता को ध्यान में रखते हुए लिए गए हैं।

इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा था कि जिन लोगों ने ये हमला किया है, उन्हें सजा मिलेगी।

उन्होंने पोस्ट किया, मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। हमले में प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।

शेष पेज 2 पर

## पाकिस्तान से खेल संबंध समाप्त करने की मांग, सचिन-कोहली ने भी आतंकी हमले पर जताया शोक




नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने भी इस हमले पर दुख जताया और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी है। वहीं, पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार के खेल संबंध समाप्त करने की मांग कर डाली है।

भारतीय खेल जगत ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर शोक जताया है। वहीं, भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने पाकिस्तान के साथ खेल संबंध पूरी तरह समाप्त करने की मांग की है। मंगलवार को हुए इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई है जिसमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है।

शेष पेज 2 पर

## हमले के विरोध में पूरा जम्मू-कश्मीर बंद

### घाटी में 35 वर्ष में पहली बार इतना बड़ा शटर डाउन



जम्मू। कश्मीर घाटी में 35 साल में पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद इतना बड़ा बंद रहा। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में अधिकांश दुकानें, पेट्रोल पंप और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे।कश्मीर घाटी में 35 साल में पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बुधवार को बंद रहा। पहलगाम पर्यटन स्थल में हुई हत्याओं के विरोध में बंद के आह्वान का सभी क्षेत्रों के संगठनों ने समर्थन किया।

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को एक प्रमुख पर्यटन स्थल पर आतंकवादियों ने हमला किया, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे और कई अन्य घायल हो गए।

घाटी में सुरक्षा बढ़ा दी गई है, खासकर महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर कड़ी सुरक्षा की गई है। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में अधिकांश दुकानें, पेट्रोल पंप और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे।

उन्होंने बताया कि शहर भर में केवल आवश्यक वस्तुओं की दुकानें ही खुली रहीं। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक परिवहन भी कम रहा, लेकिन निजी वाहन सामान्य रूप से चल रहे थे।

घाटी में कई स्थानों पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन- अधिकारियों ने बताया कि घाटी में निजी स्कूल भी बंद रहे, लेकिन सरकारी स्कूल खुले रहे। उन्होंने बताया कि घाटी के अन्य जिला मुख्यालयों में भी बंद का असर देखा गया। घाटी में कई स्थानों पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन भी हुए, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने हमले की निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की हत्या को रोकने का आह्वान किया।

हमले के विरोध में बंद का समर्थन- दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम में हुए हमले के विरोध में कई राजनीतिक दलों, सामाजिक-धार्मिक संगठनों, व्यापार निकायों और नागरिक समाज समूहों ने कश्मीर में बंद का आह्वान किया।

शेष पेज 2 पर

## पहलगाम आतंकी हमले के 24 घंटे बाद आया शाहरुख-सलमान का रिएक्शन



मुबंई। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कल मंगलवार को हुए आतंकी हमले की घटना पर शाहरुख खान और सलमान खान ने दुख जताया है। दोनों सितारों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कल मंगलवार 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने सैलानियों पर हमले किए। आतंकी अटैक में 26 सैलानियों की जान चली गई। इस घटना पर बॉलीवुड हस्तियों की प्रतिक्रिया आ रही है। तमाम सितारों ने दुख जताया है। आज बुधवार को बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान और सलमान खान ने भी हमलों की निंदा की है।

**शाहरुख बोले- 'शब्दों में बयां करना मुश्किल'**- शाहरुख खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, 'पहलगाम में जो हुआ, उस कृत्य पर दुख और गुस्से को शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है।

शेष पेज 2 पर

### ताज की खूबसूरती पर फिदा हुए अमेरिकी उप राष्ट्रपति, कहा-

## अद्भुत है इमारत, पत्नी और बच्चे भी थे साथ



आगरा। अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने पत्नी और बच्चों के साथ ताजमहल का दीदार किया। वे करीब डेढ़ घंटे तक परिवार के साथ ताजमहल परिसर में रहे।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पत्नी उषा और बच्चों के साथ ताजमहल का दीदार किया। करीब डेढ़ घंटे तक परिवार के साथ जेडी वेंस ने मोहब्बत की इमारत का दीदार किया। इस दौरान उन्होंने विजिटल बुक में लिखा कि ताजमहल वास्तव में अद्भुत है। ताजमहल परिसर में पहुंचते ही अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के चेहरे पर अलग ही मुस्कान दिखाई दी। मानो वो ताज की खूबसूरती को शब्दों में बयां नहीं कर पा रहे थे। पत्नी और बच्चों के साथ इस दौरान उन्होंने फोटो खिंचाए।

खेरिया हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पत्नी उषा और बच्चों के साथ खेरिया हवाई अड्डे तय समय पर पहुंचे। यहां से ताजमहल तक उपराष्ट्रपति के रूट पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। सांस्कृतिक आयोजनों के लिए मंच भी सजाए गए थे।

शेष पेज 2 पर

### इंटेलिजेंस चूक | पहलगाम में 'चाय-पंक्चर-ढाबा-पौनी'

## क्या इन पर भरोसा बना इंटेलिजेंस चूक, 'स्लीपर सेल' तक पहुंच नहीं

नई दिल्ली। सुरक्षा बलों से जुड़े सूत्रों का कहना है कि आतंकियों ने पहलगाम में जिस जगह पर हमला किया है, उसकी संरचना के बारे में निश्चित रूप से आतंकियों के पास सभी तरह की जानकारी थी। आतंकियों को सुरक्षा बलों एवं लोकल पुलिस की मूवमेंट के बारे भी पुख्ता सूचना रही होगी।



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में मंगलवार दोपहर को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए हैं और 17 लोग घायल हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने तीन आतंकियों के स्कैच जारी किए हैं। इस हमले की जिम्मेदारी, पाकिस्तान के आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' की जम्मू कश्मीर में सक्रिय प्रॉक्सी विंग 'द रजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने ली है। जम्मू-कश्मीर में तैनात सुरक्षा बलों के विश्वस्त सूत्रों का कहना है, भले ही घाटी में आतंकी संगठनों को दहशतगर्दों की संख्या बढ़ाने के लिए नई भर्ती का अवसर नहीं मिल रहा, लेकिन वहां मौजूद विदेशी एवं लोकल आतंकियों ने बड़ी संख्या में अपने 'स्लीपर सेल' तैयार कर लिए हैं। ये सेल, आतंकियों को सैन्य मूवमेंट की जानकारी मुहैया कराते हैं। पहलगाम सहित जम्मू कश्मीर के अधिकांश इलाकों में चाय बेचने वाले, पंक्चर लगाने वाले, ढाबा संचालक और 'खच्चर-घोड़े व पोटर्स दिखाई पड़ते हैं। कहीं न कहीं इन्हें संदेह के दायरे से दूर रखना, इंटेलिजेंस चूक बन रहा है। इन्हीं में ही आतंकियों के 'स्लीपर सेल' शामिल रहते हैं। लिहाजा ये लोग, स्थानीय होते हैं, ऐसे में सुरक्षा बल भी इन पर ज्यादा शक नहीं करते हैं।

जम्मू कश्मीर के सुरक्षा से जुड़े मामलों के विशेषज्ञ कैप्टन अनिल गौर (रिटायर्ड) कहते हैं, देखिये इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि घाटी और दूसरे क्षेत्रों में आतंकियों के 'स्लीपर सेल' मौजूद हैं। उन्हें कहीं न कहीं, बड़े स्तर पर लोकल स्पोर्ट मिल रही है। चाय बेचने वाले, पंक्चर मेकेनिक, ढाबा संचालक और 'खच्चर-घोड़े व पोटर्स वाले, पहले भी शक के दायरे में रहे हैं, लेकिन ये सब स्थानीय होते हैं, इसलिए सुरक्षा एजेंसियां इनके साथ ज्यादा सख्ती से पेश नहीं आती। इनकी मौजूदगी हर इलाके में रहती है। घने जंगल में भी ये लोग रहते हैं। अनंतनाग से पहलगाम की ओर मुख्य सड़क के आसपास ऐसी बहुत सी जगहें हैं, जहां पर्यटकों के छोटे-छोटे समूह प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के लिए पैदल यात्रा करते हैं। यहां तक पहुंचने के लिए घोड़ों एवं खच्चरों की भी मदद ली जाती है।

शेष पेज 2 पर

# सीएक्यूएम का बड़ा फैसला: 1 नवंबर से दिल्ली में प्रवेश नहीं कर सकेंगे बीएस VI डीजल माल वाहन, सख्त निगरानी का निर्देश

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



नई दिल्ली । सीएक्यूएम ने कहा कि यह आदेश दिल्ली के बाहर पंजीकृत सभी वाहनों पर लागू होगा। हालांकि, आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले या आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले गैर-बीएस श्क वाहनों को 31 अक्तूबर, 2026 तक अस्थायी छूट दी जाएगी।
दिल्ली में एक नवंबर से बीएस-श्क डीजल मानकों से नीचे के सभी परिवहन और वाणिज्यिक माल वाहनों प्रवेश नहीं कर सकेंगे। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने बुधवार को राजधानी में वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए यह फैसला लिया है। सीएक्यूएम ने अपने आदेश में कहा कि केवल बीएस-श्क डीजल, सीएनजी, एलएनजी और इलेक्ट्रिक माल वाहनों, जिनमें हल्के माल वाहन (एलजीवी), मध्यम माल वाहन (एमजीवी) और भारी माल वाहन (एचजीवी) शामिल हैं। ऐसे ही वाहनों के केवल उक्त तारीख से दिल्ली में प्रवेश की अनुमति होगी।

सीएक्यूएम ने कहा कि यह आदेश दिल्ली के बाहर पंजीकृत सभी वाहनों पर लागू होगा। हालांकि, आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले या आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले गैर-बीएस श्क वाहनों को 31 अक्तूबर, 2026 तक अस्थायी छूट दी जाएगी। उसके बाद आवश्यक सेवाओं को भी स्वच्छ ईंधन पर स्विच करना होगा। सीएक्यूएम ने कहा कि वाणिज्यिक वाहन, खास तौर पर सर्दियों के दौरान पुराने डीजल वाहन, दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यह निर्णय ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के अनुरूप है, जो पहले से ही उच्च प्रदूषण वाले दिनों में प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाता है।

यही नहीं, सीएक्यूएम ने दिल्ली और पड़ोसी राज्यों के परिवहन विभागों और यातायात पुलिस को निर्देश दिया है। इसमें आयोग ने कहा है कि वे सभी 126 सीमा प्रवेश बिंदुओं और स्वचालित नंबर प्लेट पहचान कैमरों से लैस 52 टोल प्लाजा पर इस आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। सीएक्यूएम ने कहा कि सभी कार्यान्वयन एजेंसियों की तरफ से तिमाही अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी चाहिए।

एक जुलाई से अंतिम चरण के सभी वाहनों को पेट्रोल पंप पर ईंधन नहीं मिलेगा

राजधानी में एक जुलाई से अंतिम चरण के सभी वाहनों को पेट्रोल पंप पर ईंधन नहीं मिलेगा। बुधवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली के प्राधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे एक जुलाई से सभी समाप्ति-अवस्था (ईओएल) वाहनों 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहन और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन को ईंधन न दें।

आदेश के अनुसार, दिल्ली के सभी ईंधन स्टेशनों को 30 जून तक स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) कैमरे लगाने होंगे। ये प्रणालियां 10 वर्ष (डीजल) व 15 वर्ष (पेट्रोल) से पुराने वाहनों का पता लगाएंगी। साथ ही 1 जुलाई से उन्हें ईंधन देने से मना कर देंगी।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने परिणाम संशोधन के लिए दिया चार सप्ताह का समय, संशोधित परिणाम जल्द होंगे जारी

नई दिल्ली । दिल्ली हाईकोर्ट ने उछअळ 2024 के परिणामों में त्रुटियों के आधार पर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज के कंसोर्टियम को चार सप्ताह में संशोधित परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने दो प्रश्नों के गलत उत्तरों की पुष्टि की, लेकिन देर से आपत्ति दर्ज करने वालों की शिकायतें खारिज कीं। दिल्ली हाईकोर्ट ने 23 अप्रैल 2025 को कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट के परिणामों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज के कंसोर्टियम को चार सप्ताह के भीतर संशोधित परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया है। यह फैसला मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने सुनाया। कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (उछअळ) का आयोजन एक दिसंबर 2024 को हुआ था और परिणाम सात दिसंबर को घोषित किए गए थे।

# पहलगाम हमले के बाद दिल्ली में बढ़ी सुरक्षा, रेलवे-एयरपोर्ट अलर्ट मोड में, विशेष आरक्षित ट्रेन चलाई गई

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



नई दिल्ली । यात्रियों की संख्या को देखते हुए रेलवे ने स्टेशनों पर हेल्प डेस्क की सुविधा भी बढ़ा दी है। साथ ही रेलवे अस्पताल, एंबुलेंस को भी अलर्ट मोड में रहने का निर्देश जारी किया गया है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद रेलवे और एयरपोर्ट अलर्ट मोड में आ गए हैं। रेलवे स्टेशनों पर जहां आरपीएफ की टीमें बड़ी संख्या में तैनात की गई हैं, वहीं सीआईएसएफ के कर्मी एयरपोर्ट की सुरक्षा में बढ़ा दिए हैं। उधर, एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। पर्यटन पर निकले लोग अपने-अपने घर लौट रहे हैं। एयरलाइंस ने श्रीनगर एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले विमानों की संख्या बढ़ाई है, वहीं रेलवे वहां फंसे लोगों को निकालने के लिए आगे आया है। उत्तर रेलवे ने माता वैष्णो देवी कटड़ा से नई दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन शुरू की है। यह भी कहा है कि ट्रेन का रेक तैयार है, भीड़ को देखते हुए और अधिक विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी।

यात्रियों की संख्या को देखते हुए रेलवे ने स्टेशनों पर हेल्प डेस्क की सुविधा भी बढ़ा दी है। साथ ही रेलवे अस्पताल, एंबुलेंस को भी अलर्ट मोड में रहने का निर्देश जारी किया गया है। आतंकी हमले के कारण यात्री अगर स्टेशन पहुंचकर परेशान दिखते हैं तो तत्काल चिकित्सीय सुविधा दी जाएंगी। रेलवे से संबंधित हर जानकारी के लिए इस हेल्प डेस्क पर यात्री संपर्क कर अपने रूट की ट्रेन से संबंधित जानकारी ले सकेंगे।

विशेष आरक्षित ट्रेन चलाई

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में फंसे यात्रियों के लिए विशेष इंतजाम रेलवे ने किए हैं। माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली के बीच एकतरफा विशेष आरक्षित ट्रेन चलाई गई है। बुधवार को ट्रेन संख्या 04612 माता वैष्णो देवी कटड़ा से नई दिल्ली के लिए चलाई गई है। यह ट्रेन शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर रेलवे स्टेशन, जम्मू तवी, पठानकोट छावनी, जालंधर छावनी, ढंडारी कलां, अंबाला छावनी, कुरुक्षेत्र जंक्शन, पानीपत जंक्शन के रास्ते बृहस्पतिवार सुबह पहुंच जाएगी। इसके अलावा भी जरूरत पड़ने पर और भी विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी।

# पेज एक का शेष...

## पाकिस्तान का हुक्का पानी बंद

वहीं, इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि आतंकी हमले का करारा जवाब दिया जाएगा और जल्द ही भारत की ओर से एक्शन लिया जाएगा।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित ह्यअर्जन सिंह मेमोरियल लेक्चरह्म कार्यक्रम में बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत सभी जरूरी कदम उठाएगा और घटना को अंजाम देने वालों तक जल्द ही हमारी पहुंच होगी।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक इतनी पुरानी सभ्यता और इतना बड़ा देश है, जिसे ऐसी किसी भी आतंकी गतिविधियों से डराया नहीं जा सकता। ऐसी हरकतों का जवाब, इसके जिम्मेदार लोगों को आने वाले कुछ ही समय में जोरदार तरीके से मिलेगा। यहां मैं, भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराना चाहूंगा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो-टॉलरेंस पॉलिसी है। भारत का एक-एक नागरिक, इस कायरतापूर्ण हरकत के खिलाफ एकजुट है।

दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए।

## हमले में पाकिस्तान का हाथ, दो लोकल और दो पाकिस्तानी शामिल, तीन संदिग्धों के स्केच जारी

बायसरन घाटी में हुए हमले में शामिल दो स्थानीय आतंकियों की पहचान कर ली गई है। दो पाकिस्तानी आतंकियों की भी पहचान हुई है। मंगलवार को आतंकियों ने करीब 20 मिनट तक एके-47 से गोलीबारी की थी। स्थानीय आतंकियों के नाम आदिल अहमद ठाकुर और आशिफ शेख बताए जा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, आदिल ठाकुर लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। आदिल गुरी, बिजबेहड़ा का रहने वाला बताया जा रहा है। आशिफ शेख का जैश-ए-मोहम्मद से कनेक्शन बताया जा रहा है। आशिफ मोंघामा, मीर मोहल्ला (त्राल) का रहने वाला बताया जा रहा है। जानकारी यह भी मिली है कि हमले के कुछ आतंकियों ने बॉडी कैमरा लगाया था। हमले की पूरी घटना को आतंकियों ने रिकॉर्ड किया था।

इससे पहले, कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के शव बुधवार को श्रीनगर लाए गए, जहां अधिकारी पुलिस नियंत्रण कक्ष में पुष्पांजलि अर्पित की गई। बुधवार रात श्रीनगर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पीसीआर में एक समारोह में मृतकों के ताबूतों पर पुष्पांजलि अर्पित की।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी। 26 मृतकों में ज्यादातर पर्यटक हैं, जबकि दो विदेशी और दो स्थानीय नागरिक शामिल हैं।

हमले में करीब 20 लोग घायल हुए हैं। हालांकि सरकार ने अभी सिर्फ 16 मौतों की पुष्टि की है। वहीं, सुरक्षा एजेंसियों ने देर रात कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। तीन जुलाई से शुरू होने जा रही श्रीअमरनाथ यात्रा से पहले इस कायराना हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-ताइबा से जुड़े गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। फरवरी, 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद से जम्मू-कश्मीर में यह सबसे बड़ा आतंकी हमला है।

## अद्भुत है इमारत, पत्नी और बच्चे भी थे साथ

मगर, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद शोक में सांस्कृतिक आयोजन नहीं किए गए। उपराष्ट्रपति का काफिला जब एयरपोर्ट से निकला, तो बच्चों ने भारत और अमेरिका के झंडे दिखाकर अभिवादन किया।

पहली बार भारत यात्रा पर आए अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस को राज्य अतिथि का दर्जा दिया गया है। इसलिए मुख्यमंत्री योगी ने स्वयं एयरपोर्ट पर उनका स्वागत व सत्कार किया। बता दें अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों ने तीन दिन से आगरा में डेरा डाला हुआ है। एयरपोर्ट से शिल्पग्राम होते हुए ताजमहल तक करीब 12 किमी. सड़क पर कड़ी सुरक्षा रखी गई है।

जिस रूट से उप राष्ट्रपति का काफिला गुजरेगा वहां जीरो ट्रैफिक किया गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मंगलवार रात तक तैयारियों में जुटे रहे। अधिकारियों ने तैयारियों का रिहर्सल भी किया। जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार बुधवार को सभी स्कूल बंद रहे।

## पहलगाम आतंकी हमले के 24 घंटे बाद आया शाहरुख-सलमान का रिएक्शन

ऐसे समय में हम केवल भगवान की ओर मुड़ सकते हैं और पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना कर सकते हैं। अपनी गहरी संवेदना व्यक्त कर सकते हैं। हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर मजबूत बनें और इस जघन्य कृत्य के खिलाफ न्याय मिले'।

सलमान बोले- 'पूरी कायनात को मारने के बराबर है'-सलमान खान ने भी एक्स पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, 'धरती का स्वर्ग कश्मीर, नरक में बदलता जा रहा है। निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। मेरी संवेदनाएं उनके परिवारों के साथ हैं। एक भी मासूम को मारना पूरी कायनात को मरने के बराबर है'।

इन सितारों ने जताई संवेदना-जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरा देश सिहर उठा है। इस जघन्य घटना पर देशवासी निंदा कर रहे हैं। फिल्म जगत की हस्तियां भी सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर हमलों पर प्रतिक्रिया दे रही हैं और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रही हैं। माधुरी दीक्षित, प्रियंका चोपड़ा, अल्लू अर्जुन, आलिया भट्ट, अनुष्का शर्मा और विक्की कौशल सहित तमाम सितारों ने हमलों की निंदा की है और मृतकों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

क्या इन पर भरोसा बना इंटेलिजेंस चूक, 'स्लीपर सेल' तक पहुंच नहीं

पहलगाम शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर बैसरन चीड़ के पेड़ों के घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा एक विशाल घास का मैदान है तथा देश व दुनिया के पर्यटकों के बीच पसंदीदा स्थान है। पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के छद्म संगठन ह्यद रेजिस्टेंस फ्रंटह्म (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

## पाकिस्तान से खेल संबंध समाप्त करने की मांग, सचिन-कोहली ने भी आतंकी हमले पर जताया शोक

सचिन-कोहली ने पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि -भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने भी इस हमले पर दुख जताया और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी है। सचिन ने लिखा, पीड़ित परिवार अकल्पनीय कष्ट से गुजर रहे होंगे। भारत और दुनिया भर में लोग इस कठिन समय में उनके साथ हैं। हम इस हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देते हैं और न्याय की प्रार्थन करते हैं।

आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर लिखा, पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना। जिन परिवार के लोगों ने इस कायरतापूर्ण हमले में अपनी जान गंवाई है, उनके लिए प्रार्थना करता हूं और परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति मिले ऐसी प्रार्थना करता हूं।

श्रीवत्स गोस्वामी ने चैंपियंस ट्रॉफी का दिया उदाहरण -इस बीच, पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार के खेल संबंध समाप्त करने की मांग कर डाली है। गोस्वामी ने लिखा, इसलिए मैं कहता हूं कि आप पाकिस्तान के साथ क्रिकेट नहीं खेलें। ना सिर्फ अभी, बल्कि कभी नहीं। जब बीसीसीआई या सरकार ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने से इन्कार किया था तो कुछ लोगों ने कहा था कि खेल को राजनीति से ऊपर रखना चाहिए। लगता है कि निर्दोष भारतीयों की हत्या करना पाकिस्तान का राष्ट्रीय खेल बना गया है और भारत को जीरो टोलेरेंस के तहत जवाब देना चाहिए, ना कि बल्ले और गेंद से।

भारत-पाकिस्तान के बीच नहीं होती द्विपक्षीय सीरीज -मालूम हो कि भारत और पाकिस्तान के बीच 2012-13 से ही द्विपक्षीय सीरीज बंद है। बीसीसीआई ने फरवरी-मार्च में हुए चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम भेजने से मना कर दिया था और भारतीय टीम ने फाइनल सहित अपने सभी मैच दुबई में खेले थे। गोस्वामी ने हाल ही में पहलगाम का दौरा किया था। गोस्वामी ने कहा कि उन्होंने घाटी में आशा और शांति लौटती हुई महसूस की थी। गोस्वामी ने कहा, और अब फिर खूनखराबा हुआ। यह आपके अंदर कुछ तोड़ देता है। यह आपको यह सवाल करने पर मजबूर करता है कि हमसे और कितनी बार यह अपेक्षा की जाएगी कि हम चुप रहें, खेलते रहें, जबकि हमारे लोग मर रहे हैं। अब और नहीं। इस बार बिल्कुल नहीं।

विजेंद्र सिंह ने की कड़ी कार्रवाई की मांग -ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंद्र सिंह ने भी कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा, हमारे वीर जवान आने वाले समय में इस कायराना हमले का मुंहतोड़ जवाब जरूर देंगे। भारत माता के वीर सपूतों की मौजूदगी में जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने की चाहत रखने वालों के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे।

सिराज ने भी दी प्रतिक्रिया-भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भी पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा-पहलगाम में हुए भयानक और चौंकाने वाले आतंकवादी हमले के बारे में अभी-अभी पढ़ा। धर्म के नाम पर निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना और उनकी हत्या करना पूरी तरह से पाप है... कोई भी कारण, कोई भी विश्वास, कोई भी विचारधारा कभी भी इस तरह के राक्षसी कृत्य को उचित नहीं ठहरा सकती है। ये कैसी लड़ी है। जहां इंसान की जान की कोई कीमत ही नहीं।

## क्या इन पर भरोसा बना इंटेलिजेंस चूक, 'स्लीपर सेल' तक पहुंच नहीं

इस कड़ी में ढाबा व चाय वाले भी मिल जाते हैं।

सुरक्षा बलों से जुड़े सूत्रों का कहना है कि आतंकियों ने पहलगाम में जिस जगह पर हमला किया है, उसकी संरचना के बारे में निश्चित रूप से आतंकियों के पास सभी तरह की जानकारी थी। आतंकियों को सुरक्षा बलों एवं लोकल पुलिस की मूवमेंट के बारे भी पुख्ता सूचना रही होगी। उन्हें पुलिस गश्त की टाइमिंग का भी पता होगा। आतंकियों को यह जानकारी भी रही होगी कि बैसरन घाटी में गश्त का शेड्यूल क्या रहता है। जिस वक्त हमला हुआ, वहां पर सुरक्षा बलों की मौजूदगी नहीं थी। सूत्रों का कहना है कि हमले के दौरान कोई क्रॉस फायर भी नहीं हुआ। घास के मैदानों में भी खाने-पीने की दुकानें हैं। वहां स्थानीय लोगों द्वारा काम धंधा किया जाता है। इन ढाबों के आसपास कई पर्यटक मारे गए हैं। बताया जा रहा है कि कोई ढाबा संचालक और वहां काम करने वाले, आतंकियों का निशाना नहीं बनें। हमले के काफी देर बाद सुरक्षा बल वहां पहुंचे थे, तब तक सभी आतंकी, जंगलों की तरफ भाग चुके थे।

सूत्रों के मुताबिक, हमले के दौरान क्रॉस फायरिंग न होने का सीधा मतलब यही था कि आसपास पुलिस या सुरक्षा बल नहीं थे। इस जगह पर भारी संख्या में पर्यटक आ रहे थे तो उसके बावजूद वहां पर पुलिस चौकी तक दिखाई नहीं पड़ी। चाय की दुकान के मालिक या उसके किसी कर्मचारी को भी चोट नहीं लगी। आतंकियों को यह बात मालूम थी, इस क्षेत्र में फौरी तौर पर पुलिस मदद नहीं पहुंच सकती है। इसलिए उन्होंने पर्यटकों का धर्म पूछ कर उन्हें मारा। यानी दहशतगर्दों को वहां की सुरक्षा संरचना की जानकारी थी। आतंकियों ने जल्दबाजी में अंधाधुंध फायरिंग नहीं की। सुरक्षा बलों को चाय बेचने वाले, पंक्चर लगाने वाले, ढाबा संचालक और 'खच्चर-घोड़े व पोटर्स पर नजर रखनी चाहिए।

सड़क किनारे और घास के मैदानों के आसपास इन लोगों की उपस्थिति को लेकर पहले भी सुरक्षा एजेंसियों को सचेत किया जाता रहा है। साल 2020 में भी ऐसे कई अहम सबूत सुरक्षा एजेंसियों के हाथ लगे थे। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' ने आतंक का वह नया प्लान तैयार किया था। आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के लॉन्चिंग कमांडर अब्दुल मन्नान उर्फ डाक्टर की आतंकवादियों के साथ हुई बातचीत को भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने इंटरसेप्ट किया था। उस बातचीत में कई सनसनीखेज खुलासे हुए।

आईएसआई एवं आतंकी संगठन व उनके स्लीपर सेल, भारतीय सैन्य बलों की हर मूवमेंट की जानकारी जुटाते हैं। तब यह बात सामने आई थी कि जम्मू-कश्मीर हाईवे, कठुआ, सांबा, डोडा, पहलगाम और दूसरे इलाकों में सड़क के किनारे पर स्लीपर सेल को पंक्चर लगाने की दुकान खोलने के लिए कहा गया है। साथ ही चाय और ढाबा तैयार करने की योजना बनाई गई। इन जगहों पर प्लास्टिक कवर में हथियार एवं संचार के साधन रखने का जुगाड़ तैयार किया गया।

जैश-ए-मोहम्मद के लॉन्चिंग कमांडर अब्दुल मन्नान और आतंकवादियों के बीच हुई बातचीत में पता चला था कि आईएसआई अब स्लीपर सेल के जरिए ज्यादा से ज्यादा भारतीय सैन्य बलों की मूवमेंट का पता लगाने की कोशिश में है। किस मार्ग से, कब और कितने सैन्य वाहन गुजरे हैं, उनमें जवानों की संख्या, हथियार, गोला बारुद व दूसरा साजो सामान, ऐसी जानकारी जुटाने के लिए हाईवे पर पंक्चर लगाने की दुकानें खोली जा रही हैं। यह भी पता चला था कि पंक्चर की दुकान से करीब दो किलोमीटर पहले कुछ नुकीली वस्तु सड़क पर डाल दी जाती है। उसी जगह पर ऐसा साइन बोर्ड लगा देते हैं, जिस पर लिखा होता है कि पंक्चर की दुकान दो किलोमीटर आगे है। यह सब आतंकी हमले को अंजाम देने के मकसद से किया गया था। पंक्चर की दुकानों की तरह ही सड़क किनारे चाय की दुकान और ढाबे खोले गए।

स्लीपर सेल को बाकायदा उनके काम का मेहनताना भी देने की बात हुई थी। वे किस तरह की जानकारी आईएसआई और आतंकी संगठनों को देते हैं, मेहनताना की रेंज इसी पर निर्भर करती है। सैन्य वाहन एक साथ चल रहे हैं, उनके बीच कितनी दूरी है, ये सब तथ्य जुटाने की जिम्मेदारी, स्लीपर सेल को दी गई थी। किसी इलाके में इंटरनेट की स्थिति कैसी है, यह जानकारी भी स्लीपर सेल देंगे। जो बातचीत इंटरसेप्ट हुई थी, उसमें इंटरनेट और लोकल पुलिस को लेकर कई तरह के सवाल पूछे गए। डोडा के आसपास मौजूद हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकियों की जानकारी मांगी गई थी। आतंकियों के नए ठिकानों बाबत सूचनाओं का आदान प्रदान कोड वर्ड के जरिए करने की बात हुई।

## हमले के विरोध में पूरा जम्मू-कश्मीर बंद

सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और अपनी पार्टी उन राजनीतिक संगठनों में शामिल हैं जिन्होंने हमले के विरोध में बंद का समर्थन किया।

अधिकारियों ने बताया कि हमलावरों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बल पहलगाम इलाके में व्यापक तलाशी अभियान चला रहे हैं। हमले के एक दिन बाद पर्यटक स्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। साथ ही सुरक्षा बल प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों और प्रतिष्ठानों पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

# पाकिस्तान मुदार्बाद आतंकवाद मुदार्बाद, बड़ौत में आतंकवाद के खिलाफ विहिप-बजरंग दल का प्रदर्शन

## पहलगाम हमले में हिंदू पर्यटकों की हत्या पर फूटा गुस्सा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बड़ौत अप्रैलः कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले, जिसमें हिंदू पर्यटकों को निशाना बनाकर निर्ममता से हत्या की गई, के विरोध में आज बड़ौत नगर के दिल्ली बस स्टैंड पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन जिला मंत्री नितिन गोस्वामी के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के पुतले का दहन कर रोष प्रकट किया गया।

नितिन गोस्वामी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी

प्रदर्शन के दौरान जिला मंत्री नितिन गोस्वामी ने मीडिया से बातचीत में कहाः पहलगाम में निर्दोष हिंदू पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला बेहद निंदनीय है। यह स्पष्ट संकेत देता है कि जहां-जहां भाजपा की सरकार नहीं है, वहां हिंदुओं को योजनाबद्ध ढंग से निशाना बनाया जा



रहा है।₹

उन्होंने आगे कहाःकश्मीर की अर्थव्यवस्था कहीं न कहीं हिन्दू पर्यटकों पर निर्भर है। इसके बावजूद वहां इस तरह की हिंसक घटनाएं यह दशार्ती हैं कि कुछ देशविरोधी ताकतें नहीं चाहतीं कि कश्मीर की जनता आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने।

**धर्म पूछकर हत्या—क्या यही मानवता है**?

नितिन गोस्वामी ने यह भी सवाल उठाया कि जब पर्यटकों को धर्म पूछकर गोलियों से भून दिया जाता है, तो वो आतंकी किसी मजहब के सच्चे अनुयायी कैसे हो सकते हैं?

दुनिया को और विशेष रूप से देश के मुसलमानों को इस प्रकार के आतंकी हमलों की खुलकर निंदा करनी चाहिए। आतंकवाद को मजहब से जोड़ने वालों की पोल खुलनी चाहिए।

**आतंकवादियों को मिले कठोरतम सजा**

विहिप नेता ने सरकार से यह भी मांग की कि इस बर्बर हमले के दोषियों को ऐसी सजा दी जाए, जिसे देखकर सात पुश्तों तक कोई आतंकी भारत की ओर आँख उठाकर न देख सके। इस विरोध प्रदर्शन में बजरंग दल और विहिप के अनेक कार्यकताओं ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख नाम इस प्रकार हैंः सोनू गोयल, अर्जुन, गौरव, सागर, बाली, अश्वनी, अमन, मनोज, अमित आदि।

**सहानुभूति और संकल्प**

आंदोलनकारियों ने इस हमले में मारे गए पर्यटकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की और दोहराया कि भारतीय और कश्मीरी न कभी झुके थे, न झुकेंगे। इस कायरतापूर्ण कृत्य का बदला अवश्य लिया जाएगा।

निष्कर्षः बड़ौत से उठी यह आवाज अब देशभर में गूंज रही है। पहलगाम का आतंकी हमला न सिर्फ एक अमानवीय कृत्य था, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय अस्मिता को ललकारने की कोशिश भी थी। अब समय है कि पूरा देश एकजुट होकर यह दिखा दे—भारत आतंक के खिलाफ न सिर्फ बोलता है, बल्कि उसका मुंहतोड़ जवाब भी देता है

## आदर्श पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पृथ्वी दिवस पर दिया पर्यावरण को बचाने का संदेश

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल में आज विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने पेड़ पौधे, पृथ्वी और नदियों का रोल प्ले करके उनकी समस्याओं की तरफ सबका ध्यान आकर्षित किया।

स्कूल के बच्चों ( रितिका,रूही, ईशाना, अलिशा,आहिल, कौस्तुभ, समीर, कियाँश, परिधि, दक्षिका) ने लघु नाटिका के माध्यम से धरती को बचाने का संदेश दिया। धरती के संरक्षण से जुड़े इस दिवस को मनाने की शुरूआत 22 अप्रैल 1970 से हुई थी। पृथ्वी दिवस 2025 की



थीम हमारी शक्ति, हमारा ब्रह्मांड है। यह दिन हमारी धरती की देखभाल करने और पर्यावरण को अपने सर्वोत्तम प्रयासों से बचाने की सीख देता है। स्कूल की प्रधानाचार्य कोमल शर्मा ने बच्चों को बताया कि जिस तरह वनों की अंधाधुंध कटाई चल रही है और हम प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग कर रहे हैं ।ऐसे ही कई कारण हमारी धरती के लिए खतरा बनते जा रहे है।

यह हमारी जिम्मेदारी है कि हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए व आस पास के पर्यावरण को स्वच्छ रखना चाहिए और प्लास्टिक का उपयोग कम करना चाहिए। यह एक छोटा सा प्रयास समाज में बड़ा बदलाव ला सकता हैं और धरती को हरा भरा बनाए रख सकता है।

## रोटरी क्लब अग्रवाल मंडी टटीरी ने लगाया रक्तदान शिविर



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। रोटरी क्लब अग्रवाल मंडी टटीरी एवं जिला ब्लड बैंक बागपत के संयुक्त तत्वाधान में कस्बा अग्रवाल मंडी टटीरी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 26 लोगों ने रक्तदान किया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व गवर्नर अशोक कुमार गुप्ता ने विधिवत रूप से फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर रोटरी क्लब अग्रवाल मंडी के अध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी अंकुर पंडित ने कहा कि रक्त का कोई भी विकल्प नही है। रक्तदान करने से ही किसी भी व्यक्ति की जिंदगी को बचाया जा सकता है। इसलिए सभी को इस पुनीत कार्य में आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। शिविर में आए सभी अतिथियों का पटका व मोती की माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर संयोजक संजीव शर्मा, अध्यक्ष अंकुर शर्मा, सचिन, दीपक गोयल, प्रवीण गोयल, पीयूष गुप्ता, सुनील गोयल, प्रवीण, टाटा चौधरी, प्रवीण कुमार, राजीव गोयल, विनोद गोयल पूर्व सभासद एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय बागपत के डॉक्टर रविकांत शुक्ला, के एल वर्मा, योगेश कुमार भारती, प्रीति वर्मा समेत काफी लोग उपस्थित रहे।



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की हत्या करने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी मेरठ महानगर द्वारा ओघडनाथ मंदिर से शहीद स्मारक तक मशाल जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया



आतंकी हमले मैं मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने बच्चा पार्क पर शाम 6:00 बजे कैंडल मार्च निकाल कर विरोध दर्ज किया ।

## फिल्म बेवड़ा की शूटिंग संपन्न, सामाजिक संदेश के साथ पर्दे पर आएगी अनोखी प्रेमकहानी

**सुरेंद्र मलानिया**

बागपत। हरियाणवी ग्रामीण परिवेश पर आधारित फिल्म बेवड़ा की शूटिंग हाल ही में पूरी हो गई है। फिल्म में न केवल मनोरंजन का तड़का है, बल्कि एक गहरी सामाजिक चेतना भी दिखाई गई है। शराब जैसी सामाजिक बुराई को केंद्र में रखकर बनाई गई इस फिल्म की कहानी एक अनोखी प्रेमकथा के जरिए समाज को बदलने का संदेश देती है।

मुख्य कलाकारों की दमदार मौजूदगीः इस फिल्म में दर्शन सिंह मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जो एक गांव के आदतन शराबी के किरदार में हैं। ऊषा देवी उनकी मां और राजवीर दांगी उनके पिता के किरदार में दिखाई देंगे, जो बेटे की शराब की लत से परेशान और चिंतित रहते हैं।

कहानी में मोड़ तब आता है जब गांव के प्रधान की रिश्तेदार दीपाली वर्मा, जो एक पढ़ी-लिखी और आधुनिक सोच वाली लड़की है, गांव में रिसर्च करने आती है। दीपाली शराब और ग्रामीण समाज पर शोध कर रही होती है, जहाँ उसकी मुलाकात होती है बेवड़ा दर्शन से।



प्रेम, परिवर्तन और प्रेरणाःधीरे-धीरे दीपाली को दर्शन की जिंदगी और उसके दर्द का एहसास होता है। शोध के दौरान दीपाली को उसकी मासूमियत और अंदर छिपी अच्छाई से प्रेम हो जाता है। फिर वो एक मिशन की तरह दर्शन और उसके दोस्तों को शराब छुड़ाने के लिए जुट जाती है।

फिल्म का क्लाइमैक्स समाज को एक गहरा संदेश देता है—दीपाली न केवल दर्शन की जिंदगी बदलती है, बल्कि उससे शादी कर पूरे गांव को दिखाती है कि प्यार, समझ और प्रेरणा से कोई भी बुराई खत्म की जा सकती है।

कलाकारों की टीम और योगदानः फिल्म में अभिनय करने वालों की एक लंबी और प्रतिभावान सूची है।

मुख्य कलाकारों में शामिल हैंः दर्शन सिंह, दीपाली वर्मा, राजवीर दांगी, ऊषा देवी, सुरेंद्र मलानिया, संजीव जांगड़ा, शीला देवी, ज्योति कश्यप, धाकड़ गोस्वामी, सूरज प्रजापति और धर्मसिंह।

हर कलाकार ने अपनी भूमिका को दिल से निभाया और गांव की सच्चाई को पर्दे पर जीवंत किया।

निर्माण और निर्देशनः फिल्म के निमार्ता और निर्देशक ने बताया कि बेवड़ा केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि एक अभियान है झ समाज को जागरूक करने का, शराब से मुक्ति दिलाने का और नई सोच पैदा करने का। फिल्म की शूटिंग ग्रामीण इलाकों और रियल लोकेशनों पर की गई है, जिससे दृश्य और किरदार और भी विश्वसनीय बन गए हैं।

जल्द रिलीज की तैयारीः बेवड़ा अब पोस्ट-प्रोडक्शन के अंतिम चरण में है और जल्द ही इसे यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया जाएगा। दर्शकों को इससे न केवल मनोरंजन मिलेगा, बल्कि सोचने को भी मजबूर करेगी कि झ परिवर्तन की शुरूआत प्रेम और समझ से भी हो सकती है।

## पहलगाम में घटित वीभत्स कांड के विरोध में आज राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन द्वारा शोक सभा का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। पहलगाम में घटित दुःखद और निंदनीय आतंकवादी घटना जिसमें आतंकवादियों द्वारा निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या कर दी गई। इस दुखद घटना से पूरे देश में व्याप्त शोक के दृष्टिगत आज भागीरथ पब्लिक स्कूल सेक्टर- 23, राजनगर, गाजियाबाद में राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन द्वारा इस घृणित कृत्य की निंदा करने व विरोध प्रदर्शन हेतु एक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पायलट राकेश त्यागी व संस्थान के विभिन्न पदाधिकारी अनादी शुक्ला, राजीव त्यागी, दुष्यंत त्यागी, अरविंद सिंह, सुनील चौधरी,



रवि राणा,अशोक पाल, लोकेश शर्मा, सागर यादव, सुबोध त्यागी आदि अनेक संस्थाओं के संचालक उपस्थित रहे। उपस्थित सदस्यों ने निर्णय लिया किया कि गुरुवार को प्रातः स्कूलों में असेंबली में पहलगाम नरसंहार की सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर कंडोलेंस दी जाएगी। सभी अध्यापकों द्वारा पूरे दिन अध्यापन के दौरान अपनी बाजू पर काला रिबन बांधकर, इस बर्बर कृत्य का विरोध दर्ज कराया जाएगा। अपने आक्रोश और एकता का स्पष्ट संदेश देने का कार्य किया जाएगा। सभी राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन सदस्य स्कूल इस कार्य के फोटोग्राफ व वीडियो राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान व्हाट्सएप ग्रुप पर डालेंगे। गुरुवार दोपहर तीन बजे सभी स्कूलों के संचालक गण डीएम कार्यालय जाकर इस घटना के विरोध में अपना आक्रोश जाहिर करने के लिए एक ज्ञापन सौंपेंगे।

## आईएमए ने हमले की निंदा करते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) मेरठ शाखा, पहलगाम में हुई अमानवीय और निंदनीय हिंसा की घटना की कड़े शब्दों में भर्त्सना करता है। इस दुखद हमले में जिन निर्दोष लोगों की जान गई है, उनके परिवारों के प्रति हम गहरी संवेदना प्रकट करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं।

हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकती। ऐसे कृत्य समाज की मानवता, शांति और सौहार्द्र पर प्रहार हैं। आईएमए मेरठ यह स्पष्ट करता है कि हम देशभर के चिकित्सकों के साथ मिलकर संकट की इस घड़ी में एकजुट हैं और हर संभव मानवीय सहयोग के लिए तत्पर हैं।

आईएमए मेरठ ने आपातकालीन बैठक कर दिया और मोमबत्ती जला कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी, व लगभग १०० चिकित्सकों ने मौन जलूस निकाला व माधव चौक पर मोमबत्ती जला कर श्रद्धांजलि अर्पित करी ।

इस अवसर पर, आईएमए मेरठ शाखा द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए जाएंगेः

- पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति समर्थन प्रकट करने हेतु शांति प्रार्थना सभा का आयोजन
- आपातकालीन चिकित्सा सहायता हेतु डॉक्टरों की स्वैच्छिक टीम तैयार रखना
- मानसिक स्वास्थ्य सहायता और परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराना
- जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान और जागरूकता अभियान के माध्यम से पर्यटकों को सावधानी बरतने का संदेश देना`
- स्थानीय अस्पतालों में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन`

यह जानकारी आईएमए मेरठ शाखा अध्यक्षा डॉ अनुपम सिरोही एवं सचिव डॉ सुमित उपाध्याय ने दी।

## पहलगाम हादसाः 18,349 में बिका श्रीनगर से लखनऊ का एयर टिकट, वापस आने के लिए मारामारी, 18 हजार पर्यटक अभी फंसे

**एनपीटी ब्यूरो**

लखनऊ । पहलगाम में हुए हादसे के बाद कश्मीर क्षेत्र में ठहरे हुए पर्यटकों में अपने घर वापस आने की होड़ सी मची है। ऐसे में टिकट के प्राइस बढ़ गए हैं।

आतंकी हमले के बाद श्रीनगर में फंसे पर्यटकों के लिए वापसी की राह आसान नहीं। एक ओर एयर टिकट आसमान छू रहे हैं तो दूसरी ओर ट्रेनों में लंबी वेटिंग है। ऐसे में पर्यटकों को वापस लौटने में मुश्किलें आएंगी। लखनऊ आने वाली ट्रेनों की वेटिंग 165 के पार पहुंच गई है। बृहस्पतिवार को श्रीनगर से लखनऊ की कनेक्टिंग उड़ान का टिकट 18,349 रुपये में बिका।

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद यात्रा पर गए अवध क्षेत्र के पर्यटकों ने वापसी शुरू कर दी है। अनुमान के अनुसार इधर के 18 हजार से अधिक पर्यटक जम्मू–कश्मीर में हैं, जिन्हें लखनऊ लौटना




है। वापसी के लिए एयर टिकट काफी महंगे बिक रहे हैं। मंगलवार को आतंकी हमले के बाद श्रीनगर से वापसी के लिए कनेक्टिंग फ्लाइटों का टिकट 25,000 रुपये तक पहुंच गया था। बुधवार को एयर टिकट के दाम में सात से आठ हजार रुपये की कमी देखी गई।

मंगलवार रात में श्रीनगर से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान का टिकट 25,874 रुपये तथा एयर इंडिया की उड़ान का किराया 25,480 रुपये था। बृहस्पितवार को श्रीनगर से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई–2197 का टिकट 18,349 रुपये में बिका। इसके अतिरिक्त शुक्रवार को श्रीनगर से आने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई–2305 का टिकट 14,264 रुपये, 6ई–2356 का टिकट 16,891 रुपये में मिल रहा है। लखनऊ से श्रीनगर जाने वाली इंडिगो की सीधी उड़ान संख्या 6ई–6945 का टिकट 7991 रुपये में है, जबकि कनेक्टिंग उड़ानों के टिकट 11,725 रुपये तक मिल रहे हैं।

**ट्रेनों में वेटिंग बढ़ी, 165 पार**

जम्मू से लखनऊ आने वाली ट्रेनों की लंबी वेटिंग पर्यटकों के लिए परेशानी की वजह बनी हुई है। हिमगिरी एक्सप्रेस में स्लीपर में 24 अप्रैल को 140, थर्ड एसी में 83, 27 अप्रैल क्रमशः 108 व 63, 28 अप्रैल को 90 व 84 वेटिंग चल रही है। बेगमपुरा एक्सप्रेस की स्लीपर में बृहस्पतिवार, शुक्रवार शनिवार को स्लीपर में वेटिंग क्रमशः 103, 124, 137 व थर्ड एसी में 31, 37, 106 वेटिंग चल रही है। श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस की स्लीपर में बृहस्पतिवार को 82 व थर्ड एसी में 18 वेटिंग है। कोलकाता एक्सप्रेस की स्लीपर में अगले तीन दिन 165, 136, 129 व थर्ड एसी में 94, 61, 119 वेटिंग चल रही है।

## संपादकीय

# सब्सिडी मॉडल ना करेगा पंजाब का भला

सही मायनों में हमें हर किसी मुफ्त चीज की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यही सिद्धांत किसी देश व राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी लागू होता है। लोकलुभावन राजनीति के चलते वोट जुटाने के लिये जिन मुफ्त की योजनाओं को पंजाब में लागू किया गया, उसने राज्य की तरक्की की गति को कुंद ही बना दिया है। वैसे भी देखा जाए तो किसानों को लुभाने के लिये पंजाब में जो मुफ्त बिजली का खेल खेला गया था, वह कृषि के विकास में सहायक साबित नहीं हो रहा है। सही मायनों में यह लोकलुभावन दांव जड़ता का प्रतीक बनकर रह गया है। वर्ष 1997 में छोटे किसानों के लिये लिए शुरू किया गया बिजली सब्सिडी खेल, महज वोट बटोरने का साधन बनकर रह गया है। सच बात तो यह है कि कोई भी राजनीतिक दल ऐसी मुफ्त की सुविधाओं को, वोट कटने की आशंका के चलते बंद करने का जोखिम भी नहीं उठाता। यह विडंबना ही है कि जिस धन को कृषि की तरक्की, ऊर्जा के बेहतर उपयोग तथा सार्वजनिक जवाबदेही से जुड़े संरचनात्मक विकास के लिये खर्च किया जाना चाहिए था, उसे सब्सिडी के रूप में व्यय किया जा रहा है। चिंता की बात यह है कि यह सब्सिडी राज्य की वित्तीय सेहत के लिये घातक साबित हो रही है। विडंबना यह है कि इस वित्तीय वर्ष में बिजली सब्सिडी पर होने वाला व्यय करीब साढ़े बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक होने वाला है। चिंता की बात यह भी है कि यह धनराशि पंजाब के पूरे बजट का दस फीसदी के करीब बैठती है। इस सब्सिडी की राशि में से दस हजार करोड़ रुपये कृषि क्षेत्र के लिये और सात हजार छह सौ करोड़ रुपये घरेलू उपयोगकताओं के लिये निर्धारित हैं। आश्चर्य की बात यह है कि लोगों को लुभाने के लिये दी जा रही सब्सिडी की यह राशि अब राज्य के राजस्व घाटे के बराबर हो गई है। इसके बावजूद यह स्थिति यदि राज्य के नीति-नियंताओं को विचलित नहीं करती है, तो इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। विडंबना यह है कि राज्य में मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का काम सभी राजनीतिक दलों की सरकारों ने पार्टी लाइन से हटकर हर दौर में किया। घाटे की अर्थव्यवस्था को प्रश्रय देने वाली इस नीति को न केवल जारी रखा, बल्कि इसे प्रोत्साहित भी किया । वे मुखर कृषि लॉबी के दबाव में लगातार झुकते रहे। राजनेता दूरगामी व समग्र सुधार के बजाय मुफ्त में पैसे बांटकर चुनावी लाभ हासिल करने की होड़ में जुटे रहे। वहीं आप सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के लिये तीन सौ यूनिट तक की बिजली मुफ्त करने से सब्सिडी का संकट और गहरा ही हुआ है। करीब नब्बे प्रतिशत तक परिवारों का बिजली बिल शून्य है। ऐसे में बिजली बचत या उपयोग की गई बिजली का भुगतान करने को प्रोत्साहन लगभग समाप्त हो गया है। अब तो पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड यानी पीएसपीसीएल कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने की स्थिति में भी नहीं है। इतना ही नहीं पीएसपीसीएल दो हजार करोड़ रुपये की वार्षिक बिजली चोरी की चुनौती से भी जूझ रहा है। सरकार द्वारा दिए गए करीब चार हजार करोड़ रुपये के बेलआउट के बावजूद पीएसपीसीएल भारी घाटे में चल रहा है। राज्य के विकास में सहायक संस्थानों को मजबूत करने या स्थायी सिंचाई योजनाओं में निवेश के करने के बजाय, राज्य सरकारें वोटों के लालच में मुफ्त की रेवाड़ियां बांटने का उपक्रम करती रही हैं, जिसका खर्चा वहन करना उनके बूते की बात नहीं है। यह एक निर्विवाद सत्य है कि मुफ्त का चंदन बांटने का यह उपक्रम जितने लंबे समय तक चलेगा, उतने ही समय तक पंजाब की अर्थव्यवस्था में प्राणवायु का संचार करना, नये निवेश को आकर्षित करना तथा नये नौकरियों का सृजन करना और ज्यादा कठिन होता चला जाएगा। इसमें दो राय नहीं कि राज्य नेतृत्व को रियायतें देने के बजाय राज्य में विकास के बुनियादी ढांचे के निर्माण की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। पंजाब को तय करना होगा कि वह बिजली पर सब्सिडी जारी रखेगा या अपने भविष्य को सशक्त बनाने को प्राथमिकता देगा।

# अधिशासी अभियंता का मीडिया से बात करने से इन्कार अवर अभियंता की हड़ताल जारी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो ,** लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंताओं की हड़ताल खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। बीते सोमवार को मुख्य अभियंता अवधेश सिंह ने अवर अभियंताओं को अपने कार्यालय में बुलाया था। जहां डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के प्रतिनिधि मंडल ने अधिशासी अभियंता कुलदीप कुमार संत के द्वारा की जा रही हठधर्मिता, मानसिक शोषण, द्वेष भावनापूर्ण कार्यशैली एवं अवर अभियंताओं की सेवा संबंधित लंबित प्रकरण को रखा था। अवर अभियंता कुलदीप संत को हटाने की मांग पर अड़े हुए हैं। अवर अभियंताओं का कहना है कि जब तक अधिशासी अभियंता का स्थानांतरण नहीं हो जाता तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

ये है मामला -जब से अधिशासी अभियंता कुलदीप संत ने मुरादाबाद लोक निर्माण विभाग का चार्ज संभाला है। तभी से सारे अवर अभियंताओं की उगाही बंद हो गई है। अधिशासी अभियंता खुद ठेकेदारों से बात करते हैं। ये बाद अवर अभियंताओं को रास



नहीं आई,और अधिशासी अभियंता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। साथ ही अवर अभियंता पर मानसिक और अभद्र भाषा प्रयोग करने का आरोप लगा कर धरना प्रदर्शन जारी रखा गया है। विभाग के कुछ लोगों का कहना है कि अवर अभियंताओं की कमाई बंद हो गई है। इसलिए ये धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। बजट सरेंडर होने के बाद अब नया बजट अगस्त या सितम्बर माह तक आयेगा। उससे पहले अवर अभियंता मिलकर अधिशासी अभियंता कुलदीप संत को हटाना चाहते हैं। इनके हटने के बाद अवर अभियंताओं की खूब कमाई होगी।

कुलदीप संत बोले मीडिया से बात नहीं करनी- जब इस संबंध में मिडिया ने अधिशासी अभियंता से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने बात करने से साफ इंकार कर दिया। उनका कहना है कि इस संबंध में मीडिया से कोई बात नहीं करनी। ऐसे में अधिशासी अभियंता कुलदीप संत भी सवालों के घेरे में हैं। अगर वो साफ हैं तो उन्हें मीडिया के सामने आने से क्या ऐतराज था। कहीं ऐसा तो नहीं कि कुलदीप संत खुद मोटी मलाई काट रहे हों। इस पर जांच होनी चाहिए

अधिशासी अभियंता के खिलाफ पिछले चार दिन से जारी है धरना प्रदर्शन - प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद के समस्त अवर अभियन्ताओं द्वारा डिप्लोमा इजीनियर्स संघ के बैनर तले अधिशासी अभियंता कुलदीप संत के खिलाफ अवर अभियंताओं का धरना प्रदर्शन जारी है। अवर अभियंताओं का आरोप है कि अधिशासी अभियंता कुलदीप संत उनके साथ हठधर्मिता, मानसिक शोषण, द्वेष भावनापूर्ण कार्यशैली एवं सौतेला व्यवहार करते हैं। अवर अभियंताओं ने बताया कि विगत 9 माह से लम्बित चली आ रही समस्याओं को अतिशिघ्र निस्तारित करने की मांग की गयी थी, जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। जब तक समस्याओं का निराकरण नहीं होगा संगठन अपना विरोध प्रकट करेगा। इस धरना प्रदर्शन ने प्रवेश पंवार, क्षेत्रीय महामंत्री, संघ लो०नि०वि०, प्रवीन कुमार, विशाल आजाद, नवीन कमल, सुबे सिंह सहित प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद के सभी अवर अभियन्ता मौजूद रहें।

# जम्मू कश्मीर का आतंकी हमला निंदनीय - भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी

**जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बताया सरकार ऐसी कार्रवाई करेगी,जो नजीर बनेगी, पाकिस्तान का आतंकी संगठनों से संबंध जगजाहिर है।**

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** मुरादाबाद । जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा सरकार ऐसी कार्रवाई करेगी,जो नजीर बनेगी, पाकिस्तान का आतंकी संगठनों से संबंध जगजाहिर है,उसे किसी को बताने की जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री जी पर पूरा भरोसा है और गृहमंत्री अमित शाह वहां पहुंचे हैं।

क्या बोले गृहमंत्री अमित शाह मृतक जवान के परिवार के लिए



जवानों के परिवारों के साथ सरकार की पूरी संवेदना हमारी सेना और इंटेलिजेंस काम कर रही हैं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बताया ढूंढ ढूंढ कर आतंकवादियों का खात्मा करेंगे। नाम और धर्म पूछकर किया था हमला, जो असहनीय है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बताया अमरनाथ यात्रा सुगम होगी उसके लिए सरकार प्रतिबद्ध, आतंकवादियों को हमारी सरकार पाताल में से भी ढूंढ निकालेगी।

# आतंकवाद का पुतला जलाया व्यापारी और बजरंग दल का प्रदर्शन बोले आज हिंदू को गोली मारी कल दाढ़ी वालों का नंबर होगा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में अमरोहा के मंडी धनौरा क्षेत्र में बड़ा प्रदर्शन हुआ व्यापारीयों और बजरंग दल कार्यकताओं ने आतंकवाद का पुतला फूंका प्रदर्शन के दौरान बजरंग दल के नेताओं ने विवादस्पद बयान दिए

उन्होंने कहा कि पहलगाम में केवल हिंदुओं को निशाना बनाया गया लेकिन कल दाढ़ी वालों का भी नंबर होगा कुर्ता पजामा वालों का भी नंबर होगा इस बयान से क्षेत्र में तनाव बढ़ गया प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग की उन्होंने चेतावनी दी की सख्त कदम नहीं उठाए गए तो देश भर में विरोध हो सकता है

पुलिस बल किया तैनात -प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि आतंकवादियों ने जाती पूछकर गोली मारी लोग कहते हैं कि आतंकवाद की जाती नहीं होती आज वो हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं कल सबकी बारी होगी स्थिति को देखते हुए इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क है

# जिला कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस अलवर द्वारा इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर सायं नंगली सर्किल से शहीद स्मारक तक केंडल मार्च एवं विरोध प्रदर्शन किया

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।** अलवर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगांव में घूमने आये पर्यटकों के साथ आतंकवादियों द्वारा कायराना हरकत कर हमारे नागरिकों को मौत के घाट उतार दिया गया इसके विरोध स्वरूप नंगली सर्किल से शहीद स्मारक तक केंडल मार्च निकाल कर शहीद स्मारक पर मोमबत्ती जलाकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी और देश भक्ति के नारे लगाये।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने इसे कायरता पूर्ण और मानवता को शर्मसार करने वाला हमला बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इस हमले को अंजाम देने वाले आतंकी संगठन की पहचान कर उसे उसके अंजाम तक पहुंचाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मांग की कि ऐसे संगठनों को पूरी तरह नेस्तनाबूद किया जाए। पाकिस्तान जैसे देश जो आतंक समर्थक संगठनों को पनाह देते हैं, उन्हें स्पष्ट संदेश देना जरूरी है कि भारत अब किसी भी आतंकी हरकत को बर्दाश्त नहीं करेगा।

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, पूर्व विधायक सफिया खान, पीसीसी महासचिव अजीत यादव, रिपुदमन गुप्ता, दीनबंधु शर्मा, साजिद अनवर, राजेश कृष्ण सिद्ध, जमशेद खान, जगदीश सिंघल, रमन सैनी, एस आर यादव,धर्मपाल नंगली, रिंकू पार्षद, रामकिसन थानेदार, गौरीशंकर विजय, सुदर्शन अरोड़ा, धर्मेंद्र शर्मा, अंकित सैनी, रवि कपूर, संदीप ओला, धर्मराज मीणा आदि उपस्थित रहे।

# 21 अप्रैल को पुलवामा हमले से बढ़ा पाकिस्तान को खतरा, भारत दे सकता है करारा जवाब

**सुरेंद्र मलानिया**

नई दिल्ली, 21 अप्रैलःपुलवामा आतंकी हमले को लेकर एक बार फिर भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव बढ़ता नजर आ रहा है। खुफिया एजेंसियों के अनुसार, हाल ही में पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों की गतिविधियों में अचानक तेजी आई है, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि भारत के खिलाफ कोई नई साजिश रची जा रही है। इस बीच पहलगांव क्षेत्र में भी संदिग्ध गतिविधियों के इनपुट सामने आए हैं, जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चिंता और सतर्कता दोनों बढ़ गई हैं।



14 फरवरी 2019 को पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए आत्मघाती हमले की यादें आज भी ताजा हैं। और अब 21 अप्रैल को जारी नए अलर्ट्स ने एक बार फिर भारत को मजबूर कर दिया है कि वह सुरक्षा के हर स्तर पर सजग और निर्णायक हो जाए।

पाकिस्तान पर फिर बढ़ा वैश्विक दबावः भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पुलवामा और अब पहलगांव के हालात को आतंकवाद की वैश्विक चुनौती बताया है। अमेरिका, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने भारत के साथ एकजुटता जताई है और पाकिस्तान से आतंकी ढांचे को जड़ से खत्म करने की मांग की है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने कहा, ₹आतंक का समर्थन करने वाले देशों को अब सिर्फ निंदा नहीं, नतीजे भुगतने चाहिए।

पहलगांव पर नजरः खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, हाल के दिनों में पहलगांव और उसके आस-पास के क्षेत्रों में कुछ संदिग्ध गतिविधियाँ देखी गई हैं।

इनपुट है कि पाकिस्तान की सीमा पार से प्रशिक्षित आतंकियों को ७एलओसी पार भेजने की कोशिश हो रही है, और ये ग्रुप विशेष रूप से दक्षिण कश्मीर में सक्रिय हो सकते हैं।

इसके जवाब में भारतीय सुरक्षा बलों ने पहलगांव, पुलवामा और बारामूला क्षेत्रों में तलाशी अभियान तेज कर दिए हैं।

भारत की सुरक्षा एजेंसियाँ सतर्कः 21 अप्रैल को मिले इनपुट्स के बाद भारतीय सेना, इरऋऔर वायुसेना को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

ठरअ अजित डोभाल ने उच्च स्तरीय बैठक में स्पष्ट कहा कि भारत अब रक्षात्मक नहीं, बल्कि निर्णायक मुद्रा में है।

बालाकोट के बाद अगला कदम?

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर पाकिस्तान की ओर से आतंकी गतिविधियाँ नहीं रोकी गईं, तो भारत फिर से बालाकोट जैसी सर्जिकल स्ट्राइक या एयरस्ट्राइक की ओर कदम बढ़ा सकता है।

रक्षा विशेषज्ञ मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) जीडी बख्शी कहते हैं, अगर पाकिस्तान ने फिर पुलवामा या पहलगांव जैसी हरकतें कीं, तो जवाब पहले से ज्यादा तीव्र और निर्णायक होगा।

राजनीतिक गलियारों में गूंजः 21 अप्रैल को संसद में भी सुरक्षा को लेकर विशेष चर्चा हुई। कई सांसदों ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि ह्यअब सिर्फ जवाब नहीं, सबक सिखाने का समय है।

देश के रक्षा मंत्री ने भी दो टूक कहा, देश की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

पुलवामा के बाद अब पहलगांव जैसे इलाकों में हलचल भारत को यह चेतावनी दे रही है कि आतंकवाद का चेहरा भले बदल जाए, उसकी नीयत नहीं। भारत हर मोर्चे पर तैयार है और यदि पाकिस्तान ने आतंकियों को फिर से इस्तेमाल करने की कोशिश की, तो उसका अंजाम इस बार पहले से भी ज्यादा गंभीर हो सकता है।

# फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप के खिलाफ शहर कोतवाली अलवर में शिकायत दी



**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**

अलवर युवा ब्राह्मण सभा परिवार के अध्यक्ष आकाश मिश्रा ने बताया निरंतर सनातन , सेंसर बोर्ड, पीएम मोदी पर जातीय व्यवस्थाओं के सवाल एवं ब्राह्मण समाज पर शोभनीय टिप्पणी जिसमें अनुराग कश्यप ने लिखा ैमें ब्राह्मणों पर मुतुंगौआदि निरंतर जातीय एवं राष्ट्रीय विरोधी विचारधारा रखने वाले जातीय विमंजस्यता एवं राष्ट्रीय विरोधी विचारधारा रखने वाले फिल्म निमार्ता निर्देशक एवं लेखक अनुराग कश्यप के खिलाफ आज दिनांक 23 अप्रैल बुधवार को युवा ब्राह्मण सभा परिवार एवं सर्व समाज के साथ अलवर शहर कोतवाली में शिकायत दी गई एवं एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की गई साथ ही अलवर जिले में अनुराग कश्यप की किसी भी फिल्म को प्रदर्शित नहीं होने देने का की शपथ ली गई , इनकी विचारधारा से दंगे फेल सकते है इसलिए इनकी गिरफ्तारी आवश्यक है ,

अंत में पुलग्राम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए पीएम मोदी से सख्त कार्यवाही की माँग की गई ।

इस अवसर पर आकाश मिश्रा ,शिवचरण कमल, डॉ विनोद शर्मा ,राकेश शर्मा, सुभाष शर्मा , विशाल शर्मा , रामबाबू शर्मा , सुनील शर्मा ,सचिन तिवाड़ी , वेद इंदौरिया ,दीपक शर्मा ,कुलदीप शर्मा ,राजू उपाध्याय, सोहन सिंह चौहान , अमन चौधरी , निर्मल अवस्थी , रोहित शर्मा , राजेश शर्मा , अंकुर चौधरी एवं गौरव शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

# कर्जदारों से परेशान असिस्टेंट प्रोफेसर ने फिनायल पीकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**

गजिआबाद के मोदीनगर से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां एक कॉलेज में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर ने कर्जदाताओं के मानसिक दबाव से परेशान होकर फिनायल पी लिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, जबकि मृतक के परिजनों ने कई लोगों पर उत्पीड़न और धमकाने का आरोप लगाया है।

मृतक सुरेंद्र कुमार मूलरूप से चित्रकूट के रहने थे पिछले कुछ वर्षों से कॉलेज में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर काम कर रहे थे। बताया जा रहा है समय पर कर्ज न चुका पाने के कारण उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था और धमकियां मिल रही थीं।

मृतक की पत्नी ने कॉलेज के दो शिक्षकों व एक चपरासी और एक महिला पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पत्नी के अनुसार, बीते कुछ दिनों से वह मानसिक रूप से बेहद परेशान थे उन्होंने घर में फिनायल पी लिया। तुरंत उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, वहां से उन्हें मेरठ रेफर कर दिया। लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।.

एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और परिवार की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

यह मामला एक बार फिर यह सवाल उठाता है कि निजी कर्जदाताओं की मनमानी और मानसिक उत्पीड़न से कैसे कई लोग अवसाद का शिकार होकर आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मामलों में समय पर काउंसलिंग जरूरी है।

# राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ हर जिले में करेगा खिलाड़ियों का सम्मान : विजय कौशिक

## बॉडीबिल्डर रिजवान को किया सम्मानित

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

राष्ट्रीय लोकदल पार्टी सदैव देश के युवा और खिलाड़ियों के साथ मिशन को आगे बढाने की कढ़ी मे आज दिनांक २२-४-२०२५ कों १२०० बजे हम तुम रोड पर मिडोज विस्टा सोसाइटी मोरटा गाजियाबाद मे बोड़ी बिल्डिंग के खिलाड़ी मोहम्मद रिजवान जी के सम्मान समारोह का आयोजन राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रोत्साहन प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। जगराज सिंह बालियान से०नि०डी वाई एस पी एंव पूर्व प्रादेशिक क्रीडा अधिकारी उत्तर प्रदेश पुलिस एशियन चैंपियनशिप गोल्ड मेडलिस्ट कबड्डी खिलाड़ी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष खेल प्रोत्साहन प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोकदल की अध्यक्षता में यह यह समारोह समपन हुआ।श्री मौहम्मद रिजवान बाडी बिल्डिंग के खिलाड़ी द्वारा निम्न तीन प्रतियोगिता में आल ओवर खिताब जीते- १--दिनांक ६अप्रेल को मिस्टर हरियाणा बाडी बिल्डिंग की खेल प्रतियोगिता जिला पानीपत हरियाणा में आयोजित हुई। जिसमें रिजवान गाजियाबाद ने सुडौल शरीर व मसल्स दिखाने की इस प्रतियोगिता में मिस्टर हरियाणा ओवर आल टाईटिल का खिताब जीता,यह खेल आयोजन एन पी सी इन्डिय बाडी बिल्डिंग फेडरेशन के द्वारा आयोजित कराया गया। २-सेकिड नोर्थ इंडिया बुलन्दशहर मे दि-७अप्रेल को



आयोजित हुई जिसमें आल ओवर का गोल्ड रिजवान जी द्वारा उठाए।यह प्रतियोगिता बी बी एफ ए फेडरेशन द्वारा आयोजित कराया। ३-मिसटर इंडिया नोएडा टाईटिल दिनांक १३अप्रेल कों यह खिताब मौहम्मद रिजवान जी अपने नाम किया,विजेता रहे।यह बाडी बिल्डिंग खेल प्रतियोगिता दिल्ली बाडी बिल्डिंग फैडरेशन ने आयोजित कराई ,जिसमें ओवर आल का खिताब (चैम्पियन आफ चैंपियन) । मौहम्मद रिजवान कों उक्त प्रतियोगिता में बिजेता होने पर *राष्ट्रीय लोकदल पार्टी अध्यक्ष माननीय जयन्त सिंह चौधरी एवं पार्टी खेल प्रोत्साहन प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अन्तर्राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी पूर्व राज्य मंत्री चौधरी नीरपाल जी के निर्देनुसार देश के युवा एवं खिलाड़ियों के सम्मान मिशन के अन्तर्गत मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव विजय कुमार कौशिक ने मौहम्मद रिजवान को पार्टी का पटका पहनाकर एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया और बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री माननीय चौधरी जयंत सिंह जी खिलाडियों के लिए अपनी सांसद निधि से कई जिलों में मिनी स्टेडियम बनवा रहे हैं राष्ट्रीय सचिव सत्यबीर सिंह धीसा ने कहा कि युवाओ और खिलाड़ियों का जितना राष्ट्रीय लोकदल में है उतना कहीं नहीं ,जिला अध्यक्ष गाजियाबाद डा० संजय बेसला , जिला सचिव संजय नेहवाल , जिला उपाध्यक्ष श्रीमती नीरज पंवार ,अनिल शर्मा , मौहम्मद रिजवान पत्नी श्रीमती मुस्कान ,योगेन्द्र नेहवाल, विनोद अग्रवाल, ऋषि पाल, मेहरा, अशोक त्यागी सोसाइटी अध्यक्ष, श्रीमती बीना चौहान सदस्य ए ओं ए जी मह सोसाइटी काफी बडी संख्या मे लोकदल पार्टी स्थानीय पदाधिकारियों के द्वारा उक्त खिलाड़ी व मोरटा क्रिकेट अकादमी कोच गगन जी कों भी शॉल उड़ाकर,मूमेटो भेटकर सम्मानित किया ।

# 440 वोल्ट की चिंगारी से तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश रामपुर सैफनी। क्षेत्र के लहटोरा गांव में बुधवार को खेत में काम कर रहे मजदूरों के ऊपर से गुजर रही 440 वाट की विद्युत लाइन तेज हवाओं के चलते आपस में टकरा गई। तारों के टकराने से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते पास के गेहूं के खेत को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लगभग तीन बीघा फसल जलकर राख हो गई।पीड़ित किसान विनोद शर्मा से जानकारी ली गई तो बह सिर पकड़ कर खेत में बैठ गया और भावुक हो गया आग लगने का कारण पूछने पर बताया कि उनके खेत के ऊपर से गुजर रही 440 बोल्ट की लाइन में तेज हवा से उत्पन्न चिनगारी ने खेत में पकी गेहूं की फसल को जला कर रख कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गनीमत यह रही की आग लगने के दौरान खेत में काम कर रहे मजदूर सुरक्षित रहे और उन्हें कोई चोट नहीं आई।घटना की सूचना मिलते ही गांव वालों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। किसान विनोद शर्मा ने घटना की जानकारी हलके के लेखपाल संजय सक्सेना को भी दे दी है, लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई भी अधिकारी मौके पर पहुंचकर किसान की फसल का मुआयना करने नहीं आया था। इस घटना से किसान को नुकसान हुआ है और किसान ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग कि हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पहले भी इसी तरह की घटना हो चुकी है, जिसमें जिसुख के खेत में लगभग दो बीघा गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ गई।

# सैफनी में कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद् भागवत का शुभारंभ



उत्तर प्रदेश रामपुर सैफनी। नगर में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आगाज बुधवार को एक विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। श्रीमद् भागवत कथा सेवा समिति एवं समस्त नगर वासियों के तत्वावधान में आयोजित इस कथा के शुभारंभ पर निकली कलश यात्रा में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। विभिन्न मार्गों से गुजरी इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएँ और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और भक्तिमय गीतों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। कलश यात्रा नगर के प्रमुख चौराहों से होती हुई जनता इंटर कॉलेज ग्राउंड पर समाप्त हुई, जिसे कथा स्थल के रूप में सजाया गया है। यहाँ अगले सात दिनों तक कथा व्यास आचार्य ओम कृष्ण शास्त्री महाराज अपनी मधुर वाणी से दोपहर 3:00 बजे से 6:30 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का अमृत वर्षा करेंगे।श्रीमद् भागवत कथा सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा का आयोजन नगर के सभी निवासियों के सहयोग से किया जा रहा है और इसका उद्देश्य लोगों को धर्म और संस्कृति से जोड़ना है।

उन्होंने समस्त नगर वासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करें। कथा के दौरान विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह मय फोर्स के कलश यात्रा के साथ रहे।

# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को वकीलों द्वारा दी गई श्रद्धांजलि, दो मिनट का रखा गया मौन



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को बुधवार को तहसील शाहबाद परिसर में वकीलों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई इसके साथ ही उन्होंने दो मिनट का मौन रखा । वकीलों ने कहा की इस हृदयविदारक घटना ने सम्पूर्ण देश को झकझोर दिया है। हम सरकार से मांग करते हैं उपरोक्त प्रकट में गंभीरता से जांच करते हुए आतंकवादी ठिकानों को चिन्हित करने नष्ट किया जाए एवं हमले में मारे गए सभी मृतकों के परिवार को कम से कम 50-50 लाख का मुआवजा प्रदान किया जाय। हरिद्वार 12 सोशल शाहाबाद के अध्यक्ष एडवोकेट तकरीर उर रहमान ,मनोज भारद्वाज , शुजाउल मियां,अशफाक अहमद, अनोद कुमार शर्मा, रामावतार सिंह यादव नन्हे सिंह ,घरेंद्र सिंह यादव,रोहित कुमार, हरीश कुमार ,बृजपाल सिंह यादव आदि मौजूद रहे

# पहलगाम में हमले के बाद जम्मू से आनी वाली ट्रेनों की चेकिंग



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा पर्यटकों पर किए गए हमले के बाद रेलवे जंक्शन पर मंगलवार को रेलवे सुरक्षा बल ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया। जंक्शन पर जम्मू से आनी वाली झेलम एक्सप्रेस, जम्मू तवी और मालवा एक्सप्रेस में आरपीएफ ने ट्रेन के आते ही चेकिंग कर यात्रियों से जानकारी ली। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक अवधेश गोस्वामी ने बताया कि पहलगाम में हमले के बाद सुरक्षा बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि जंक्शन पर आने वाली प्रत्येक ट्रेन में सुरक्षा को मजबूत किया गया। मंगलवार दोपहर के बाद स्टेशन पर लगातार आरपीएफ ने अप-डाउन लाइन पर आने वाली सभी ट्रेनों में विशेष सुरक्षा देखी। उधर, जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक, दो और तीन के अलावा अन्य पर भी निगरानी आरपीएफ की टीम लगातार कर रही है।

इधर, एसएसपी श्लोक सिंह के निर्देश पर जिले भर में संदिग्धों व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की गई। सातों सर्किल इंचार्ज चेकिंग में जुट गए। डीएसपी के साथ ही कोतवाली प्रभारी और चौकी प्रभारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। सीओ सिटी भूषण वर्मा ने जीआईसी कॉलेज तिराहा पर बैरियर लगाकर चेकिंग की। इसके अलावा भूतेश्वर चौराहा, डैंपियर नगर, विकास बाजार, भरतपुर गेट, डीग गेट, मसानी तिराहा आदि पर भी चेकिंग की गई। इस दौरान 20 के करीब नशेबाज, तीन सवारी और बिना हेलमेट चालकों के चालान किए।

# जामिया यूनिवर्सिटी की कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा में अली हादिन ने प्राप्त की सेकंड ऑल इंडिया रैंक

## इमेज क्लासेस से ऑनलाइन की थी तैयारी

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद।नगर निवासी शाहाबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव व वरिष्ठ पत्रकार सिफत मियां के पुत्र अली हादिन का दिल्ली की जामिया मिल्लिया यूनिवर्सिटी में कक्षा 9 में चयन हुआ है। बताते चलते कि अली हादिन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नगर के सरमाउंट पब्लिक स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई पूरी की उसके बाद उन्होंने कक्षा 6 और 7 नगर के ही इस्लामिया जूनियर हाई स्कूल से पास किया,उसके बाद अली हादिन ने नगर के सेंट पॉल्स एकेडमी में प्रवेश लिया और वहां भी कक्षा 8 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अली हादिन ने इस बार जामिया मिलिया इस्लामिया की कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा दी थी।जिसका परीक्षा फल मंगलवार को देर शाम घोषित हुआ जिसमें अली हादिन ने जनरल कैटेगरी में ऑल इंडिया द्वितीय रैंक प्राप्त की।शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि. के महासचिव सिफत मियां ने बताया कि उनके बेटे अली हादिन ने जामिया मिलिया इस्लामिया की प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया जनरल रैंक में दूसरा स्थान पाया है कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा में देश भर से लाखों बच्चे शामिल हुए थे।



अली हादिन ने अलीगढ़ के प्रसिद्ध कोचिंग सेंटर इमेज कोचिंग से ऑनलाइन तैयारी की थी इमेज कोचिंग के डायरेक्टर नवाब सर ने फोन करके अली हादिन को और उनके परिवार को बधाई दी अली हादिन के पिता सिफत मियां ने इमेज क्लासेस के डायरेक्टर नवाब सर को धन्यवाद दिया।

# विधायक मांट ने तहसीलदार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, डीएम ने बैठाई जांच



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। मांट के विधायक राजेश चौधरी ने मांट के तहसीलदार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने मामले की शिकायत जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह से की है। आरोपों की जांच के लिए डीएम ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को जांच अधिकारी बनाया है। वह जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। विधायक मांट राजेश चौधरी ने जिलाधिकारी से की गई शिकायत में तहसीलदार मांट पवन कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका आरोप है कि तहसीलदार द्वारा डडीसरा में मंदिर की जमीन को रिश्वत लेकर एक महिला के नाम दाखिल खारिज कर दिया गया। इसके अलावा बड़ी संख्या में दाखिल खारिज के मामलों को अकारण लंबित रखा गया है। उन्होंने बताया कि केवल रुपये देने पर ही दाखिल खारिज की जा रही है। इसके अलावा जाति प्रमाण और जन्म प्रमाण पत्र के 13 मामलों में अवैध वसूली करने के आरोप भी लगाए हैं। विधायक ने बताया कि ये सभी शिकायतें उन्हें जनसुनवाई में प्राप्त हुई हैं। विधायक की शिकायत का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी ने मामले में जांच बैठा दी है। डीएम ने बताया कि अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय को मामले की गंभीरता से जांच करने के उन्होंने आदेश दिए हैं। एडीएम जल्द ही अपनी जांच शुरू करेंगे। जांच में आरोप अगर सही पाए जाते हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

# नगर निगम की टीम ने 15 करोड रुपए से अधिक की जमीन अवैध कब्जेदारों के चुंगल से मुक्त



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। मथुरा वृंदावन महानगर क्षेत्र में बीते एक सप्ताह में नगर निगम की टीम ने करीब 15 करोड़ से अधिक रुपए की अपनी जमीन अवैध कब्जेदारों से मुक्त कराई है। नगर आयुक्त शशांक चौधरी का कहना है कि शासन का स्पष्ट मंतव्य है कि किसी भी सूरत में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे नहीं होने पाए और जिन्होंने कब्जे कर लिए है उनको तत्काल मुक्त कराकर अपने कब्जे में जमीन की जाए ताकि उसे पर जनहित संबंधी निर्माण कार्य आदि कराये जाए।

उन्होंने बताया कि इसी क्रम में लगातार निगम की टीमें एक अभियान के तहत सरकारी जमीन अवैध कब्जों से मुक्त कर रही है। मथुरा वृंदावन मार्ग स्थित ग्राम धोरेरा में 2790 वर्ग मीटर भूमि को कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने अपने खेत में मिलाकर खेती की जा रही थी। जिसकी शिकायत जब नगर आयुक्त के पास पहुंची तो उन्होंने सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी को आदेश किया। आदेश मिलते ही नगर निगम की टीम श्री त्यागी के नेतृत्व में कानूनगो गंगाराम लेखपाल ओम बाबू के साथ मौके पर पहुंच गए और जेसीबी से सभी प्रकार का अवैध कब्जा हटा दिया। खाली कराई गई भूमि की बाजारी कीमत करीब 10 करोड रुपए बताई जाती है।

# मेडिकल और चरित्र प्रमाण पत्रों का सत्यापन शुरू



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों का पुलिस लाइन में मेडिकल एवं चरित्र प्रमाण पत्र सत्यापन का कार्य शुरू हो गया। पहले तीन दिन महिला अभ्यर्थियों का मेडिकल और चरित्र प्रमाण पत्रों का सत्यापन का कार्य होगा। इसके बाद पुरुष अभ्यर्थियों का नंबर आएगा। जिले में कुल 1535 अभ्यर्थियों का मेडिकल और चरित्र प्रमाण पत्र का सत्यापन होना है। पहले दिन 87 महिला अभ्यर्थियों का मेडिकल और चरित्र प्रमाण पत्र का सत्यापन हुआ। पुलिस भर्ती परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी डीएसपी अनिल कपरवाल ने बताया कि मेडिकल और चरित्र प्रमाण पत्र सत्यापन का कार्य 10 मई तक होगा। सोमवार से बुधवार तक महिला अभ्यर्थियों का मेडिकल होगा। इसके बाद पुरुष अभ्यर्थियों का मेडिकल और चरित्र सत्यापन होगा। इसके लिए पूर्व में ही चिकित्सकों की मेडिकल टीम का गठन हो चुका है। फिरोजाबाद, मैनपुरी और मथुरा के एसपी स्तर के अधिकारी को जोनल अधिकारी बनाया है। एसएसपी श्लोक सिंह ने मेडिकल के लिए आए अभ्यर्थियों से वार्ता की और सभागार आदि का निरीक्षण किया।

# काम कराने पहुंचे तो मिला दलाल...पैसे मांगने पर हंगामा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। राजीव भवन में बाहरी लोग अभी भी काम कराने में जुटे हैं। दलाल द्वारा वृद्धापेंशन दस्तावेज सत्यापन कराने के एवज में पैसे मांगने पर फरियादियों ने हंगामा कर दिया। यहीं नहीं दलाल खुद को उच्च अधिकारी का छोटा भाई भी बताने लगा। देखते ही देखते परिसर में कर्मचारियों की भीड़ जुट गई। विवाद बढ़ता देख दलाल वहां से भाग निकला। समस्या समाधान का आश्वासन देकर कर्मचारियों ने फरियादियों को शांत कराया।।वृंदावन की रहने वालीं सीमा ने बताया है कि उनकी कई महीनों से उनकी वृद्धापेंशन नहीं आ रही है। मंगलवार दोपहर वह दस्तावेज सत्यापन कराने के लिए राजीव भवन गई थीं। वहीं



गांव तेहरा निवासी धारो राजपूत भी अपनी समस्या लेकर राजीव पहुंचे थे। दोनों फरियादी राजीव भवन के कमरा नंबर 33 में घुस गए। फरियादियों का आरोप है कि यहां कुर्सी पर बैठे एक कंप्यूटर ऑपरेटर के इशारे पर वहीं मौजूद एक दलाल दोनों को बाहर ले गए। फिर राजीव भवन का साहब बनकर दलाल ने दोनों फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इसके बाद दोनों फरियादियों से पैसों की मांग करने लगा। पीड़ित धारो राजपूत ने बताया है कि दलाल ने पैसे के एवज में काम कराने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि यह पैसा अंदर भी जाता है। यह बात सुनने के बाद फरियादियों ने हंगामा शुरू कर दिया। करीब 20 मिनट फरियादी हंगामा करते रहे। पीड़ित सीमा और धारो राजपूत ने बताया है कि वह पिछले कई महीनों से विभाग के चक्कर लगे रहे हैं। न अधिकारी सुनते हैं न ही कर्मचारी ध्यान दे रहे हैं। धारो राजपूत ने बताया है कि उनकी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। वह पत्नी की जगह खुद वृद्धापेंशन योजना का लाभ लेना चाहते हैं। मंगलवार को वह पत्नी का मृत प्रमाण पत्र और अपने दस्तावेज लेकर राजीव भवन पहुंचे थे, लेकिन पैसे नहीं देने पर काम नहीं हुआ। नागेंद्र पाल सिंह, समाज कल्याण अधिकारी ने कहा, मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराई जाएगी। साथ ही पीड़ितों को बुलाकर उनकी समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# नोडल अधिकारी के निरीक्षण की अनुपालन आख्या न आने पर सीडीओ ने अधिकारियों को लगाई फटकार

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर सीईओ, बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण नोडल अधिकारी अमृत त्रिपाठी (आईएएस) के द्वारा विगत माह में किये गए निरीक्षण के दौरान दिये गए निदेशों की अनुपालन आख्या की समीक्षा हेतु सीडीओ के. के. पाण्डेय ने बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नोडल अधिकारी ने 02 मार्च को निरीक्षण में जो निर्देश दिये थे, उनकी अनुपालन आख्या आज तक प्राप्त नहीं हो पायी है, यह स्थिति खेदजनक है. उन्होंने फटकार लगाते हुए निर्देश दिये कि कल तक सभी अधिकारी अपनी-अपनी अनुपालन आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध करा दें ताकि शासन को रिपोर्ट भेजी जा सके। इसके अलावा बैठक में अधिशासी अभियंता विद्युत ग्रामीण, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, बेसिक शिक्षा अधिकारी की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए अलग से वार्ता करने के निर्देश दिये गए। बैठक में केसीसी की 55 प्रतिशत प्रगति पर एआर कोपरेटिव को कारण बताओ नोटिस के साथ तत्काल आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए। फसल बीमा की समीक्षा में डीडी एग्रीकल्चर को एक सप्ताह के भीतर क्रॉस सर्वे कराने के निर्देश दिये गए। बैठक में बताया गया कि नोडल अधिकारी के निरीक्षण के समय अम्बेडकर पार्क के पास अवैध कब्जों को शिकायत की गई थी, जिसके सम्बंध में मौके पर अस्थायी कब्जा पाया गया, जिसे तत्काल हटवाकर बाउंड्री से मैदान कवर करा दिया गया है। अम्बेडकर पार्क के पास ही लावारिस अवस्था में खड़ी एम्बुलेंस सहित जनपद में संचालित सभी एम्बेलेंसों की जांच करने के निर्देश दिये गए थे, जिसमें सम्बंध में अभी तक रिपोर्ट लम्बित पायी गई, इस पर सीएमओ को तत्काल सभी एम्बुलेंस की जांच आख्या भिजवाने के निर्देश दिये गए। नोडल अधिकारी ने इमरजेंसी में आईसीसीसी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को जोड़कर नागरिकों को इसका लाभ दिलाने के निर्देश दिये गए थे, जिसके क्रम में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही कर आख्या देने के निर्देश दिये गए। ग्रामीण क्षेत्रों में एमएसएमई के तहत पात्र इच्छुक लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए। निरीक्षण के समय आंगनबाड़ी केन्द्र में रिका पद के सापेक्ष वर्तमान में भर्ती कर ली गई है, साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उपलब्ध किटों का सत्यापन भी चल रहा है।

नोडल अधिकारी ने निरीक्षण के समय विद्यालय में जल जीवन मिशन द्वारा पानी पहुंचाने के निर्देश सम्बंधी आख्या लम्बित होने पर अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को तत्काल कार्यवाही कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिये गए। जनपद में धार्मिक स्थलों/विद्यालयों के आसपास स्थापित शराब की दुकानों को चिन्हित कर अन्य स्थान पर स्थानान्तरित करने के सम्बंध में आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश किया गया तथा कारीपहाड़ी में गौशाला तक जाने वाले मागें जो क्षतिग्रस्त हो गया है, पर मरम्मत कार्य कराये जाने हेतु अधिशासी अभियंता आरईडी को निर्देश दिये गए। बैठक में एडीएम नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव, सीएमओ डा. इम्तियाज अहमद, डीएसटीओ, एलडीएम, विद्युत, जल निगम, महिला कल्याण, आईसीडीएस, उद्योग, आबकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पेंशन संशोधित विधेयक के विरुद्ध विशाल धरना

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**



ललितपुर कंपनी बाग में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पेंशनर एवं शिक्षक महासंघ, राजकीय शिक्षक संघ, राजकीय शिक्षक संघ के सदस्यों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर धरने का कार्यक्रम रखा। सभा की अध्यक्षता कर्मचारी सेवानिवृत पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जे.के. सिंह ने की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को अति शीघ्र कर्मचारियों/पेंशनर्स/शिक्षकों की मांगों को मान लेना चाहिए। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेश लिटौरिया ने कहा कि सरकार ने पेंशनर्स के लिए दो प्रतिशत महंगाई की घोषणा नहीं की है जो शीघ्र की जाए। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बुंदेला एवं महामंत्री सतेंद्र जैन ने कहा कि सरकार कर्मचारी विरोधी नीतियां अपनाए हुए हैं। इसमें सबसे बड़ा हाथ ब्यूरोक्रेसी का है जो सरकार को भ्रामक सूचनाएं देती है और सरकार द्वारा उनका क्रियान्वयन कर दिया जाता है जो शिक्षक कर्मचारी विरोधी होता है जिसका परिणाम घातक होता है।

सभा को दानवीर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पुरुषों तिवारी, दिनेश चंद्र, तिलकराम कौशिक, श्रीशचंद व्यास, लखनलाल, कालूराम, जगदीश पुरोहित, अशोक कुमार मिश्रा, दिनेश खरे, महेश तिवारी, रीता कुशवाहा, राजेश लिटौरिया, रामसेवक सैनी, आलोक श्रीवास्तव, अनीता कुशवाहा, अर्चना तिवारी, अनूप सैनी, रमेश सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह बुंदेला आदि ने भी संबोधित किया।

बैठक में सुरेन्द्र कुमार जैन, मीडिया प्रभारी सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे। अंत में ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर को धरना स्थल पर ही सौंपा गया। आभार एवं मंच का संचालन आत्माराम रिछारिया एवं हरीश तिवारी ने संयुक्त रूप से किया।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यक्त की शोक संवेदना

चित्रकूटः महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने बीते मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हृदयविदारक आतंकवादी हमले में लोगों के मारे जाने पर गहरा दुःख जताते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है। दिवंगत आत्माओ की शांति के लिए बुधवार को ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर स्थित विवेकानंद सभागार में शोक सभा आयोजन किया गया। जिसमें मौन धारण कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर कुलसचिव नीरजा नामदेव सहित विश्वविद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

### प्रवेश के लिए करें आवेदन

चित्रकूटः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कॉलिज सोसाइटी लखनऊ के अन्तर्गत संचालित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलिज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलिज गोरखपुर एवं मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलिज सैफई (इटावा) में शैक्षिक सत्र 2025-26 में संभावित 275 रिक्त सीटों में कक्षा 6, 7, 8 एवं कक्षा 9 के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जाना है। बताया कि प्रारम्भिक चयन परीक्षान्तर्गत ट्रायल व परीक्षण में प्रतिभाग करने के संबंध में 16 से 27 अप्रैल तक खेल साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। डीएम ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों को आवेदन कर लाभ उठाने को कहा है।

### आज से शुरू होगी भागवत कथा

चित्रकूटः जिला मुख्यालय के तरौंहा स्थित गोपाल कुंज में 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जोधपुर के कथा वाचक सिद्धार्थ महराज भक्तों को कथा का रसपान कराएंगे। कथा के आयोजक गोविंद करवरिया ने बताया कि 24 अप्रैल गुरुवार को कथा स्थल गोपाल कुंज से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो आवास से शुरू होकर करवरिया घाट होते हुए कथा स्थल पर समाप्त होगी।

### उपनिदेशक ने नेहरू युवा केंद्र का पदभार ग्रहण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

ललितपुर। युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक अनवर द्वारा नेहरू युवा केंद्र का पदभार ग्रहण किया गया इस अवसर पर उन्होंने केंद्र कार्यालय एवं कैंपस का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने पत्रकारों को अवगत कराया की युवाओं को एवं महिलाओं को सम्मान दिया जाए।

# व्यक्तित्व विकास शिविर का महिला आयोग अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**एनपीटी ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के गुरुकुल संकुल में ग्रामीण बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए सुरेन्द्रपाल ग्रामोदय विद्यालय के शैक्षणिक परिसर में लगाए गए 15 दिवसीय शिविर का बुधवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने निरीक्षण किया। यह व्यक्तित्व विकास शिविर आगामी तीन मई तक चलेगा।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने व्यक्तित्व विकास शिविर के निरीक्षण के दौरान बच्चों के साथ हारमोनियम वादन करते हुए शिविरार्थियों का उत्साहवर्धन किया। शिविर संयोजक कालिका प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि नौ से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए लगाए गए इस शिविर में प्रातः 4:30 से रात्रि 10:00 बजे तक सामूहिक, शारीरिक, बौद्धिक कार्यक्रमों के साथ 10 विविध कलाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों द्वारा शिविरार्थियों



को अलग-अलग समूहों में दिया जा रहा है। जिसमें हारमोनियम, ढोलक, गायन, चित्रकला, गोबर कला, संस्कृत संभाषण, अंग्रेजी संभाषण तथा कंप्यूटर आदि में बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। बताया कि शारीरिक प्रशिक्षण के अंतर्गत बच्चों को पीटी, योगचाप, डंबल, लेजिम, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार आदि कई विधाओं में पारंगत एवं स्थानीय अंचल एवं दूरदराज के क्षेत्रों से कुशल प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविराधिकारी केके बाजपेयी ने कहा कि दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा विगत 25 वर्षों से प्रतिवर्ष आयोजित हो रहे व्यक्तित्व विकास शिविरों के माध्यम से ग्रामीण अंचल के बालक-बालिकाओं में मानवीय, सामाजिक और वैज्ञानिक गुण विकसित कर उनकी प्रतिभाओं को निखारने का सराहनीय काम किया जा रहा है। 15 दिनों तक चलने वाले इस शिविर में विभिन्न जीवनोपयोगी विषयों पर अलग-अलग विशेषज्ञ शिविरार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे है।

इसके बाद वह सियाराम कुटीर पहुंचकर नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। इस मौके पर दीनदयाल शोध संस्थान के उप महाप्रबन्धक डॉ अनिल जायसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश्वरी द्विवेदी, दिव्या त्रिपाठी, महात्मा गाँधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अमरजीत सिंह, गायत्री शक्तिपीठ के डॉ रामनारायण त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने दिया जागरूकता संदेश



**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर गर्मी धीरे-धीरे अब प्रचण्ड रूप में आती जा रही है। इसलिए दो पहिया वाहन चालक हीट-बेव से बचने का प्रयास करें। सामान्यः लू कानों, हाथों और खुले पैरों से लगती है। इसलिए कानों को ढकने के लिए वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग सर्वोत्तम साबित हो सकता है। इसके अलावा तीन सवारियों को दो पहिया वाहन पर कदापि न बैठायें, यह जोखिम भरा हो सकता है। यह बात सोमवार को शहर क्षेत्र से जुड़े हुये विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चैकिंग के दौरान यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने वाहन

चालकों को जागरूक करते हुये कहीं। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के आदेश, एएसपी अनिल कुमार व सीओ के.के. मिश्रा के संयुक्त निकट पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी द्वारा अपनी टीम के साथ दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को जागरूक करते हुये कार्यवाही करने का भी कार्य बखूबी किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों को बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट सिर का ताज होता है। इससे वाहन चालक के जागरूक और जिम्मेवार होने की जानकारी होती है तो वहीं सडक पर सुरक्षित भी रहते हैं। कहा कि हेलमेट से गर्मी में हीट-बेब से भी सुरक्षा मिलेगी। इसके अलावा उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों से आह्वान किया कि वह किसी भी दशा में अपनी मोटर साइकिल, स्कूटी पर तीन सवारी कदापि न बैठायें। इससे जान का जोखिम तो बढ़ ही जाता है, तो वहीं दूसरी ओर यातायात पुलिस भी मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही करेगी। उन्होंने वाहन चालकों से आह्वान किया कि गाड़ी सम्बन्धित वैध प्रपत्र और लाइसेंस रखकर ही वाहन चलायें। टीएसआई ने चार पहिया वाहन चालकों से आह्वान किया कि वह कार के शीशों पर काली-फिल्म न लगवायें, यह गैर कानूनी है। इसके अलावा सीट बेल्ट का प्रयोग आवश्यक रूप से करें।

# पृथ्वी दिवस पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय में विविध आयोजन संपन्न

**एनपीटी ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए ह्यहमारी शक्ति, हमारा ग्रह विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सूर्यकांत चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित इस संगोष्ठी में प्रो शशिकांत त्रिपाठी ने 2025 की वैश्विक थीम के महत्व पर विस्तार से प्रकाश



डाला और सतत विकास में अक्षय ऊर्जा के योगदान की चर्चा की। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कृषि संकाय में पृथ्वी दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ उमेश शुक्ला ने पृथ्वी माँ की संकल्पना को सरल और प्रभावी शब्दों में प्रस्तुत करते हुए मृदा संरक्षण की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से एक पौधरोपण करने का आह्वान किया। डॉ सुधाकर प्रसाद मिश्रा ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग और भूमि कटाव से बचने की अपील की। दीनदयाल शोध संस्थान के वैज्ञानिक डॉ अशोक तिवारी ने पृथ्वी दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को प्रस्तुत करते हुए इसे सामूहिक उत्तरदायित्व का पर्व बताया और कहा कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के प्रति कर्तव्य है कि हम एक सुरक्षित और समृद्ध पृथ्वी का निर्माण करें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को भी सुदृढ़ किया गया।

# पृथ्वी दिवस पर समाजसेवियों ने किया श्रमदान

**एनपीटी ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर मंदाकिनी नदी पुनर्जीवन अभियान समिति, नदी बिरादरी के जल प्रहरियों ने राजा घाट, पेयजल आपूर्ति इंटेकवेल के बगल में पौधरोपण के लिए श्रमदान किया।

राजा घाट पर विराजमान भगवान हनुमान की प्रतिमा पर चोला कर समाजसेवियों ने श्रमदान किया। इस दौरान घाट पर बिखरी हुई प्लास्टिक सामग्री, अनावश्यक घास एवं कचरा साफ करके नष्ट किया। साथ ही संकल्प लिया कि प्रतिदिन प्रातः छह से सात बजे तक प्रतिदिन सफाई और पौध रोपण के लिए गड्ढे खोदने का कार्य करेंगे। इसके बाद सत्याग्रह स्थल पर शाम पांच से सात बजे एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें जल प्रहरियों ने विचार व्यक्त किए। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के पूर्व अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में सभी जल प्रहरियों को प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने, वायु प्रदूषण कम करने के लिए साइकिल का उपयोग करने आदि की शपथ दिलाई गई।

इस मौके पर संस्कार भारती के जिला संगठन मंत्री एवं जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ रजनीश, समाजसेवी अभिमन्यु भाई, डॉ मनोज द्विवेदी, डॉ एसपी त्रिपाठी, बलबीर सिंह, डॉ नामदेव, देवेन्द्र श्रीवास्तव, प्रख्यात कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट से डॉ उदित नारायण पाण्डेय ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

चित्रकूट ब्यूरोः सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ उदित नारायण पाण्डेय ने रामचरितमानस के पात्रों के चरित्र से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया है। धर्मनगरी से दिए गए इस आध्यात्मिक और जागरूकता संदेश की सर्वत्र चर्चा और सराहना हो रही है।

चित्रकूट जिले के मानिकपुर क्षेत्र के सकरौंहा गांव के निवासी डॉ उदित नारायण पाण्डेय वर्तमान समय में गौतम बुद्ध नगर में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए डॉ पाण्डेय अक्सर सकारात्मक संदेश देने के लिए पूरे प्रदेश में पहचान बना चुके है। इसी क्रम में उन्होंने इस बाद श्रीरामचरितमानस के पात्रों के चरित्र से सड़क सुरक्षा संदेश दिया है।

1- श्रीराम -ः श्रीराम का चरित्र धैर्य, मयार्दा और नियमों का पालन सिखाता है। सड़क पर हमें भी धैर्य रखना चाहिए, ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए और मर्यादित व्यवहार करना चाहिए, जैसे गति सीमा का उल्लंघन न करना।

2- लक्ष्मण-ः लक्ष्मण की सतर्कता और भाई के प्रति समर्पण सड़क पर सजगता का संदेश देता है। हमें हमेशा आसपास के वाहनों और पैदल यात्रियों के प्रति सतर्क रहना चाहिए, खासकर रात में या व्यस्त सड़कों पर।

3- हनुमान-ः हनुमान की शक्ति, निष्ठा और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता सड़क पर आपात स्थिति में तुरंत सही कदम उठाने की प्रेरणा देती है। जैसे दुर्घटना से बचने के लिए त्वरित ब्रेक लगाना या घायल लक्ष्मण के समान त्वरित चिकित्सा देना, दूसरों की मदद करना।

4- सीता-ः सीता की सहनशीलता और शांत स्वभाव सड़क पर शांत और संयमित रहने का संदेश देता है। जैसे गुस्से या जल्दबाजी में गाड़ी चलाने से बचना चाहिए।

5- विभीषण-ः विभीषण ने सही मार्ग चुनकर सत्य का साथ दिया। सड़क पर भी हमें सही निर्णय लेना चाहिए, जैसे शराब पीकर गाड़ी न चलाना या गलत दिशा में वाहन न ले जाना।

# पहलगाम की घटना के विरोध में अभाविप ने फूंका आतंकवाद का पुतला

**एनपीटी ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः पहलगाम में आतंकी हमले 27 पर्यटकों की मौत और 20 से अधिक लोगों के घायल होने की घटना के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिला मुख्यालय में आतंकवाद का पुतला फूंककर गुस्से का इजहार किया। साथ ही इस घटना में शामिल आतंकवादियों और उनके संरक्षणदाताओं पर कठोर कार्यवाही की जाने की मांग की।

जिला मुख्यालय में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने शोक सभा का आयोजन



किया। जिसमें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 27 पर्यटकों को मौत के घाट उतारने और 20 से अधिक लोगों के घायल होने की घटना पर दुःख व्यक्त किया गया। तहसील सह संयोजक दुर्गेश द्विवेदी ने कहा कि आर्तकियों द्वारा पर्यटकों का नाम और धर्म पूंछकर गोली मारी गई। जिससे स्पष्ट हो गया है कि आतंकी संगठन ने केवल हिंदुओं को मारने के लिए योजना बनाई थी। ऐसे में आतंकवाद की जननी पाकिस्तान पर कार्रवाई करने में भारत सरकार में विलम्ब नहीं करना चाहिए। इस मौके पर विद्यार्थी परिषद के कार्यालय मंत्री आलोक तिवारी, हर्ष त्रिपाठी, प्रियांशु मिश्रा, रामजी, अभिषेक भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# जिला प्रभारी मंत्री किरोड़ी मीणा ने अधिकारियों को लगाई फटकार

## जिला प्रभारी मंत्री ने ली विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



खैरथल-तिजारा, 23 अप्रैल। जिले के प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने रीको गेस्ट हाउस, भिवाडी के सभागार में विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट घोषणाओं, आमजन की मूलभूत सुविधाओं एवं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का धरातल पर समयबद्ध रूप में प्रभावी क्रियान्वयन करावें।

**भिवाड़ी जल भराव समस्या से निपटने हेतु विस्तार से चर्चा**

बैठक के दौरान जिला प्रभारी मंत्री ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव द्वारा दिए गए सुझावों–वेस्ट टू एनर्जी परियोजना और भिवाड़ी मास्टर ड्रेनेज प्लान–पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने इन योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए, ताकि इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा सके। उन्होंने का कि भिवाड़ी में ह्लवेस्ट टू एनर्जी मॉडलह्व के माध्यम से कचरे से बिजली और कंपोस्ट उत्पादन जैसी परियोजनाएं न केवल कचरा प्रबंधन का स्थायी समाधान बनेंगी, बल्कि इससे क्षेत्र को स्वच्छ और हरित बनाने में मदद मिलेगी। बैठक के दौरान उन्होंने भिवाड़ी जल भराव समस्या से निपटने हेतु मास्टर ड्रेनेज प्लान पर विस्तार से चर्चा भी की।

**ग्रीष्म ऋतु के दौरान रहे सुचारू पेयजल आपूर्ति**

जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. मीणा ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया कि पेयजल की सुचारु और समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न मदों में स्वीकृत कार्यों तथा समर कंटीजेंसी प्लान के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीकृत योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए।

मंत्री डॉ. मीणा ने पेयजल से प्रभावित क्षेत्रों में आमजन की आवश्यकताओं का विश्लेषण कर, आवश्यकता अनुसार टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और उसकी जीपीएस के माध्यम से प्रभावी निगरानी करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने यह भी कहा कि पेयजल संबंधी शिकायतों का शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए, ताकि गर्मी के मौसम में जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे गांव जो नॉन-फिजेबल की श्रेणी में आते हैं, उनके स्थाई सामाधन हेतू कार्य योजना बनाने तथा तत्काल रूप से वहां पेयजल आपूर्ति टैंकरों के माध्यम से किया जाए। साथ ही, जेजेएम के कार्यों के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने खराब हुए पंप सेट को डीएमएफटी फंड के माध्यम से सही कराने एंव नए पंप सेट के क्रय करने निर्देशित किया।

**हीट वेव व लू-तापघात से बचाव हेतु रखे समुचित व्यवस्था**

प्रभारी मंत्री डॉ. मीणा ने चिकित्सा विभाग द्वारा जिले में हीट वेव व लू-तापघात से बचाव हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी निर्देश दिये कि जिले के चिकित्सा संस्थानों में हीट वेव मरीजों के लिए आरक्षित बैड, कूलर, पंखे, एसी, वाटर कूलर, ओरआरएस के पैकेट, दवाइयां इत्सादि की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। साथ ही आमजन को हीट वेव व लू-तापघात से बचाव हेतु सरकार द्वारा जारी एडवायजरी का व्यापक प्रचार-प्रसार करावे।

# धानका जाति के लोगों का नही बन रहा एसटी प्रमाण पत्र :समाज के लोग परेशान

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल :धाणका जाति के लोगों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का जाति प्रमाण पत्र जारी करने में धानका और धाणका शब्दों के कारण समस्या आ रही है। प्रशासन का कहना है कि नियमानुसार केवल धाणका जाति को ही एसटी प्रमाण पत्र जारी किए जा सकते हैं, न कि धानका जाति को. कुछ लोग ₹धानका और धाणका को एक ही जाति मानते हैं, लेकिन प्रशासन का कहना है कि ये अलग हैं। प्रशासन का कहना है कि धाणका जाति ही एसटी के लिए पात्र है धानका जाति के लोग एसटी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जाते हैं, लेकिन उन्हें बताया जाता है कि वे इसके लिए पात्र नहीं हैं.प्रशासन का कहना है कि नियमानुसार धाणका जाति को ही एसटी प्रमाण पत्र जारी किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन के बाद धाणका जाति के लोगों को एसटी प्रमाण पत्र जारी करने की शुरूआत की गई यह अंतर क्षेत्रीय भाषा के प्रभाव के कारण है, जहाँ धाणका शब्द को धानक से बदल दिया गया है. इस समस्या के कारण धानका जाति के लोगों को सरकारी योजनाओं और लाभों का लाभ उठाने में कठिनाई हो रही है. मुण्डावर ब्लॉक के सिहाली खूर्द निवासी लोकेश कुमार पुत्र वीर सिंह ने बताया कि उसका धानका जाति का प्रमाण पत्र बना हुआ है अब मै बच्चों के प्रमाण पत्र बनवा रहा हूँ तो पोर्टल पर धानका जाति है ही नही केवल धाणका जाति है इसलिए जिला कलेक्टर खैरथल को समस्या से अवगत कराया है सरकार को इस समस्या का समाधान करना चाहिए

# पहलगाम आंतकी हमला: विहिप ने आतंकवादियों का पुतला फूंककर किया विरोध प्रदर्शन



खैरथल: कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद खैरथल एवं समस्त सनातनियों द्वारा शहर के मुख्य रेलवे फाटक के पास आतंकवादियों का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया गया। विहिप जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद छंगाणी ने बताया कि घटना के बाद लोगों में जबरदस्त आक्रोश है जिसको लेकर बुधवार को सभी सनातनियों व विश्व हिंदू परिषद खैरथल द्वारा आतंकवादीयों द्वारा कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि इस हमले में हमारे हिंदु भाइयो पर कायरता पूर्ण हमला किया गया जिसमे हमारे 26 हिंदू भाई शहीद हो गये। इस हमले की निंदा करते हुए बुधवार शाम को 6 बजे रेलवे फाटक के पास पुतला फूंका गया। इस दौरान हमले में शहीद हुए सभी हिंदू भाइयो को नमन कर दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान विहिप जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद छंगाणी, नगर परिषद उप सभापति वरुण डाटा,समाजसेवी पंकज रोघा,भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, दिनेश कौशिक,नवीन अग्रवाल, राजू पंडित, दीपेश शर्मा अनिल मानसिंघानी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता किसान नेता टिल्लू शर्मा, शेरसिंह सैनी, गुड्डन पंडित, जितेंद्र प्रदनानी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पेयजल के लिए करवाए जा रहे कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करें : जिला कलक्टर

**ब्यरो -एनपीटी**



बूंदी, 23 अप्रेल। बूंदी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले जल जमाव से राहत देने के लिए करवाए जा रहे जैतसागर नाला निर्माण, पर्यटन विकास कार्यों, पेयजल संबंधी कार्यों की प्रगति का बुधवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पेयजल संबंधी कार्यों को पूरा करने के लिए विशेष प्रयास करें और आमजन को इनका लाभ दिलाएं। जैतसागर नाला निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान रखें।

उन्होंने मीरा गेट क्षेत्र, महावीर कॉलोनी, पुलिस लाइन, मजिस्ट्रेट कॉलोनी आदि क्षेत्रों में नाला निर्माण की प्रगति देखी और करवाए जा रहे विभिन्न कार्यों में अधिक संख्या में टीमें लगाकर काम की गति बढ़ाने को कहा। महावीर कॉलोनी से नैनवां रोड क्षेत्र में जमा नाले के मबले को तुरंत हटवाया जावे। साथ ही नैनवां रोड क्षेत्र में नाले से गुजर रही 11 केवी बिजली की लाइन अति शीघ्र शिफ्ट करवाई जावे, ताकि मलबा हटवाकर पीसीसी का काम शुरू करवाया जा सके। बारिश के दौरान जिन-जिन स्थानों पर नाले में मलबा जमा होने की स्थिति उत्पन्न होती है, वहां बारिश से पहले पीसीसी करवा कर क्षेत्र को समतल करवाया जावे।

**पेयजल कार्यो का आमजन को मिले शीघ्र लाभ**

जिला कलक्टर ने शहर में आमजन को सुचारू पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए बहादुर सिंह सर्किल पर बनाए गए 1200 केएल क्षमता के नवनिर्मित पेयजल आपूर्ति स्टोरेज टैंक का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि टैंक से कनेक्शन करवाने का कार्य जल्द पूरा किया जावे, ताकि भीषण गर्मी के दौरान आमजन को पेयजल समस्या का सामना नहीं करना पडे। विकास नगर स्थित पंप हाऊस में 800 केएल क्षमता के स्टोरेज टैंक से उच्च जलाशयों से शीघ्र जोड़ा जाए। कनेक्शन होने के बाद आगामी 15 दिन में जलाशयों की टेस्टिंग का काम पूरा करवा लिया जावे।

**मीरांगेट से महावीर कॉलोनी तक पीसीसी का काम पूरा**

निरीक्षण के दौरान आरयूआईडीपी की अधिशाषी अभियंता सोनम शर्मा ने बताया कि मीरा गेट क्षेत्र से महावीर कॉलोनी तक पीसीसी बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा मजिस्ट्रेट कॉलोनी से पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक पीसीसी काम पूरा कर नाले की दीवार का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन स्थानों पर और अधिक टीमें लगाकर कार्य को गति दी जा रही है, ताकि बरसात से पहले नाले का निर्माण कर आमजन को राहत दिलाई जा सके।

जिला कलक्टर ने आगामी दो दिवस में लाइट एवं साउंड शो के लिए फाउंटेन को नवल सागर में शिफ्ट करने, नवल सागर तालाब की साफ सफाई करवाने तथा क्षमता के अनुसार विद्युत कनेक्शन करवाने के निर्देश दिए।

## जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की कड़ी निंदा

# पहलगाम में हुआ आतंकी हमला बेहद दुखद एवं निंदनीय :मदनलाल भावरिया

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



झुंझुनूं चंवरा।जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की मौत और कई लोगों के घायल होने की खबर ने जहां पूरे देश का दिल दहला दिया है वहीं जगह-जगह हमले की निंदा हो रही है ' लोग भारत सरकार से मांग कर रहे हैं कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मारे गए निर्दोष व घायल लोगों को न्याय दिलाएं। राष्ट्रीय सामाजिक जन चेतना मंच के अध्यक्ष एवं समाजसेवी मदनलाल भावरिया ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा है कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला बेहद दुखद एवं निंदनीय है। भावरिया ने कहा कि इस हमले में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं साथ ही सरकार से ऐसी कार्यराना हरकत करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाने की अपील भी करते हैं।

# ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत



खैरथल ।शहर में बुधवार को शहर के अंडरब्रिज के पास शाम 5 बजे कमलेश देवी (67) की ट्रेन दुर्घटना में मौत हो गई। कमलेश देवी रेल पटरी पार कर रही थीं। इसी दौरान एक तरफ से दिल्ली-बरेली ट्रेन आ रही थी। दूसरी तरफ डाउन लाइन पर पोरबंदर ट्रेन थी। दोनों ट्रेनों के बीच फंसी महिला पोरबंदर ट्रेन की चपेट में आ गईं। घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना उस समय और भी दुखद हो गई जब वहां से गुजर रहा उनका पोता भीड़ देखकर रुका। जब उसने पास जाकर देखा तो पता चला कि हादसे का शिकार उसकी दादी बनी हैं।

खैरथल थाना पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर महिला को सेटेलाइट अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतका वार्ड 23, खैरथल की रहने वाली थीं। वे दुर्गा प्रसाद की पत्नी थीं।

# कश्मीर की वादियों में हमेशा के लिए थमी जिंदगी, कंपकंपी आवाज में नीरज की पत्नी आयुषी बोलीं...

जयपुर । रात 8:15 बजे इंडिगो की फ्लाइट से नीरज की पार्थिव देह जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंची। वहां मौजूद हर आंखें नम थीं, उनके साथ उनकी पत्नी आयुषी, बड़े भाई किशोर और भाभी शुभि भी थे।

राजधानी जयपुर में मालवीय नगर के मॉडल टाउन में मातम पसरा है। यहां रहने वाले 33 वर्षीय नीरज उधवानी अपनी पत्नी आयुषी के साथ घूमने-फिरने की चाह में कश्मीर गए थे। लेकिन उन्हें क्या पता था कि यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर बन जाएगा। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में नीरज की गोली लगने से मौत हो गई।

आज रात 8:15 बजे इंडिगो की फ्लाइट से नीरज की पार्थिव देह जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंची तो वहां मौजूद हर आंखें नम थीं। उनके साथ उनकी पत्नी आयुषी, बड़े भाई किशोर और भाभी शुभि भी थे। जैसे ही पार्थिव शरीर एयरपोर्ट से घर लाया गया, पूरा इलाका सन्नाटे में डूब गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह नौ बजे किया जाएगा।

एयरपोर्ट पर उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, सांसद मंजू शर्मा, कांग्रेस विधायक रफीक खान, उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा ने पार्थिव देह को श्रद्धांजलि दी।



नीरज दुबई में बतौर चार्टर्ड अकाउंटेंट कार्यरत थे। हाल ही में किसी करीबी की शादी में शामिल होने के लिए शिमला गए थे और वहीं से कुछ दिन निकालकर पत्नी संग कश्मीर घूमने निकल गए थे। फरवरी 2023 में नीरज की शादी आयुषी से हुई थी। दोनों की शादी को अभी महज एक साल ही हुआ था।

यह भी पढ़ें: पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले नीरज का पार्थिव शरीर जयपुर पहुंचा, कई नेता एयरपोर्ट पर रहे मौजूद

नीरज के बड़े भाई किशोर उधवानी को मंगलवार रात एक कॉल आया, जिसने पूरे परिवार की दुनिया हिला दी। कॉल आयुषी का था, आवाज कांप रही थी, शब्द टूट रहे थे, नीरज को गोली लग गई है...₹ बस इतना कह सकी। इसके बाद फोन कट गया और घर में कोहराम मच गया। रातों-रात पूरा परिवार दिल्ली रवाना हुआ और फिर सुबह की फ्लाइट से कश्मीर पहुंचा। नीरज के चाचा दिनेश उधवानी बताते हैं कि मकर संक्रांति पर तीन महीने पहले ही नीरज जयपुर आया था। कौन जानता था कि वह आखिरी बार होगा, जब परिवार ने उसे हंसते हुए देखा।

जैसलमेर के 32 लोग भी इस हमले के दौरान पास ही के होटल में फंसे हुए थे। उन्हें बाद में सुरक्षाकर्मियों ने सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। यह हमला 2019 के पुलवामा हमले के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जा रहा है। कश्मीर की वादियों में इस बार फूलों की खुशबू नहीं, गोलियों की गूंज थी और उसी गूंज में एक मुस्कुराता हुआ चेहरा नीरज हमेशा के लिए खो गया। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि आतंक की कोई जात, मजहब या सीमा नहीं होती, बस मासूमों की ज़िंदगियां निगल जाती हैं।

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए जयपुर के नीरज उधवानी की पार्थिव देह के साथ केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत बुधवार रात दिल्ली से जयपुर पहुंचे। शेखावत दिल्ली से जयपुर एयरपोर्ट तक पीड़ित परिजनों के साथ मौजूद रहे। गुरुवार को नीरज के अंतिम संस्कार में केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे।

# राज्य सरकार का संकल्प: पात्र को अधिकार, अपात्र को बाहर - खैरथल-तिजारा में खाद्य सुरक्षा योजना में पारदर्शिता लाने की पहल

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-तिजारा, 23 अप्रैल। राज्य सरकार माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के मार्गदर्शन में वंचित वर्गों के उत्थान और अंतिम पंक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा योजना में पारदर्शिता लाने और वास्तविक पात्रों को लाभ देने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

जिला रसद अधिकारी ने जानकारी दी कि राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम, 2023 के तहत अपात्र व्यक्तियों को योजना से हटाने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। जिन परिवारों में कोई आयकरदाता है, सरकारी/अर्धसरकारी या स्वायत्तशासी संस्थाओं में कार्यरत सदस्य है, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक है या जिनके पास चार पहिया वाहन है (ट्रैक्टर जैसे जीविकोपार्जन हेतु प्रयुक्त वाहन को छोड़कर), उन्हें योजना से बाहर किया जा रहा है।

1 नवंबर 2024 से प्रारंभ हुए ह्यगिव अप अभियान के तहत जिला खैरथल-तिजारा में 953 परिवारों के 4765 सदस्यों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोडा। इसके साथ ही 5026 नए पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें अब सस्ती दरों पर खाद्यान्न की सुविधा मिल सकेगी।

अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए खाद्य विभाग ने 200 अपात्र परिवारों को नोटिस जारी किया है। अब प्रत्येक उचित मूल्य की दुकान पर प्रवर्तन अधिकारी औचक निरीक्षण कर अपात्र लाभार्थियों की पहचान कर नोटिस जारी करेंगे।

खाद्य विभाग शीघ्र ही परिवहन विभाग से चार पहिया वाहन स्वामियों का डेटा प्राप्त कर अपात्र लाभार्थियों को चिन्हित करेगा, और उनसे अनधिकृत लाभ की वसूली की कार्रवाई भी की जाएगी।

# वाल्मीकि समाज ने छात्रावास भूमि आवंटन की मांग की

**ब्यरो -एनपीटी**



बूंदी! वाल्मीकि सेना ने वाल्मीकि समाज के छात्रावास एव समुदायेक भवन भूमीआउटेंन के लिए सभापति को ज्ञापन दिया! ज्ञापन में वाल्मीकि सेना ज़िला अदक्ष शंकर डागर ने बताया गया कि बूंदी शहर में ना ही तो वाल्मीकि समाज के छात्र छत्रों के लिए छात्रावास है और नाही वाल्मीकि समाज के लिए सामुदायक भवन तथा वाल्मीकि समाज के छात्र छ्त्राओ को बूंदी शहर में पड़ाई कर ने के लिये किराए पर मकान उपलबद नही हो पाता है और वो अपनी पड़ाई को अधूरा छोड़ कर चले जाते है ठीक इस परकार बूंदी सहर में वाल्मीकि समाज को शादी या कोई सामाजिक प्रोग्राम कर ना होता है तो वाल्मीकि समाज को मोटी रकम देनी पड़ती है

# धर्म पूछकर पर्यटकों की हत्या से अधिवक्ताओं में आक्रोश

## आतंकवादियों पर कडी कार्रवाई की मांग, मृतकों की आत्मा की शांति को की प्रार्थना, अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली/कैराना।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर की गयी पर्यटकों की हत्या पर जिला बार एसोसियेशन ने कडा आक्रोश जताते हुए सरकार से आतंकवादियां के खिलाफ कडी से कडी कार्रवाई करने व मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अधिवक्ता कार्यों से भी विरत रहे।

जानकारी के अनुसार जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर करीब 26 पर्यटकों की गोलियों से भूनकर हत्या की घटना से देश में आक्रोश फैल गया है। बुधवार को जिला बार एसोसियेशन की एक शोकसभा अध्यक्ष राजपाल सिंह पंवार एडवोकेट के संचालन में आयोजित की गयी। बैठक में पहलगाम में धर्म पूछकर की गयी पर्यटकों की हत्या पर गहरा आक्रोश जताया गया साथ ही मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। बैठक में सभी अधिवक्ताओं ने सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की भी मांग की। बुधवार को सभी अधिवक्ता अपने कार्यों से भी विरत रहे।





**कैराना।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों के ऊपर हुए कायराना हमले के विरोध में कैराना के अधिवक्ताओं का खून उबल पड़ा। जनपद बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन-पत्र एसडीएम को सौंपकर घटना का मुँहतोड़ जबाब दिए जाने की मांग की है। बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्ता संगठन अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ एवं महासचिव राजकुमार चौहान के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन-पत्र एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव को सौंपा। बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने बेगुनाह एवं निहत्थे पर्यटकों की अंधाधुंध गोलियां बरसाकर निर्मम हत्या की है। पर्यटकों की हत्या से पहले उनका धर्म पूछा गया। इस कायरतापूर्ण हमले में भारतीय नागरिकों के अलावा विदेशी मूल के भी दो पर्यटकों की भी जान गई है। यह भारत की आत्मा पर किया गया हमला है, जिसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। घटना से पूरा देश स्तब्ध है। पत्र में कहा कि घटना का मुँहतोड़ जवाब दिया जाए ताकि भविष्य में देश के नागरिकों के साथ इस तरह की पैशाचिक घटना की पुनरावृत्ति न हो। अधिवक्ताओं ने मृत पर्यटकों के शोक संतृप्त परिजनों के साथ में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने की बात कही है। इस अवसर पर खड़कसिंह चौहान, नरेंद्र गोयल, सालिम अली, मनीष कौशिक, नीरज चौहान, अनुज रावल, ओमपाल चौहान, नेत्रपाल चौहान, रिजवान अली, शक्ति सिंघल, शगुन मित्तल, अनुभव स्वामी, फराज सिद्दीकी, नदीम अहमद, राकेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# काजीवाडा में गौकशी की सूचना पर पुलिस का छापा

## तीन-चार गायों के अवशेष, खाल, सिर, खुर व मांस बरामद, आरोपित फरार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली।** शहर के मौहल्ला काजीवाडा में मकान में चल रहे अवैध कटान की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने छापा मारकर मौके से प्रतिबंधित पशु की खाल, सिर, खुर व मांस बरामद किया। पुलिस को देखकर आरोपित मकान मालिक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही हिन्दू संगठन के लोग भी मौके पर पहुंचे तथा आरोपित की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने पशुओं के अवशेषों को कब्जे में ले लिया है। बुधवार को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि शहर के मौहल्ला काजीवाडा स्थित एक मकान के घेर में प्रतिबंधित पशु का कटान किया जा रहा है, सूचना मिलते ही बडी संख्या में पुलिसकर्मियों ने मकान पर छापा मारा। पुलिस को देखकर



मकान मालिक समीर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घेर से तीन-चार प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष, खाल, सिर, खुर व मांस बरामद किया। वहीं काजीवाडा में गौकटान की सूचना मिलते ही बडी संख्या में हिन्दू संगठन के विशाल निर्वाल, अर्जुन गौतम, बंटी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए तथा कडा आक्रोश जताते हुए आरोपित के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पशु चिकित्सकों को भी मौके पर बुलाकर मांस की जांच कराई तथा उसे अपने कब्जे में ले लिया। दूसरी ओर चार दिन में प्रतिबंधित पशु कटान की इस घटना से हिन्दू संगठनों में आक्रोश बना हुआ है।

## समयावधि के बाद भी खुली शराब की दुकान, बिक्री करते वीडियो को वायरल



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कांधला।** कस्बे के दिल्ली सहारनपुर हाइवे स्थित अंग्रेजी शराब की मॉडल शॉप पर रात्रि में बिक्री के लिए निर्धारित समय के बाद शराब बेचने का एक वीडियो और संदेश सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है,जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शराब की दुकान खोलने का समय सुबह दस बजे और बंद करने का समय रात्रि दस बजे निश्चित किया गया है। शराब बिक्री की निर्धारित समयावधि के लिए विभागीय अधिकारी भी समय समय पर औचक निरीक्षण करते रहते है। कस्बे के दिल्ली सहारनपुर हाइवे स्थित मॉडल शॉप की एक वीडियो लिखित संदेश सहित जमकर वायरल हो रही है। वायरल वीडियो के अनुसार कस्बे के दिल्ली सहारनपुर हाइवे स्थित अंग्रेजी शराब की मॉडल शॉप संचालक ने उत्तर प्रदेश सरकार और विभागीय अधिकारियों के निर्देशों को ताक पर रखकर शराब बिक्री की निर्धारित समयावधि के बाद दूसरे दरवाजे से शराब बिक्री की जा रही है। उक्त वीडियो में शराब की दुकान की दुकान के बराबर में बने दरवाजे पर कुछ लोग खड़े हुए है और दरवाजे के दूसरी ओर से उनके हाथों में कुछ समान थमा दिया जाता है और वहां से हाथों में लेकर जाते दिखाई दे रहे है। उक्त वीडियो ने शराब की दुकान संचालक की पोल खोल कर रख दी है। दुकान संचालक ने अपने मुनाफे के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के निदेर्शों को ठेंगा दिखा दिया है। उक्त वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## संक्षेप समाचार :

### पहलगांव में आतंकीयों द्वारा किया गया कृत्य घोर निंदनीय



बिडोली / झिंझाना : पहलगांव आतंकी हमले के मृतकों की आत्मा की शांति के लिए सींगरा में मेरठ करनाल नेशनल हाईवे पर यूवा कांग्रेस के कार्यकताओं के द्वारा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा सींगरा एवं जिला महासचिव नासिर चौधरी के नेतृत्व में केंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया गया। प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा ने कहा कि पहलगांव में आतंकीयों द्वारा किया गया कृत्य घोर निंदनीय है। दुख की इस घड़ी में सम्पूर्ण भारत शोकाकुल परिवारों के साथ है। सरकार को चाहिए कि इस घटना को अंजाम देने वाले आतंकी संगठन के खिलाफ कठोर कार्यवाही कराने का काम करें। इस असहनीय दुख के समय में कांग्रेस पार्टी साथ खड़ी है। देश की सीमाओं की रक्षा करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा,नासिर चौधरी, जुबैर चौधरी, रिजवान मंसूरी, रामानंद गिरि, सुफियान चौधरी,सावेज,आजम मंसूरी,नदीम दभेडी, नदीम मंसूरी,नदीम चौधरी,सोकीन मिर्जा (भालू), सोएब मिर्जा,वसीम मिर्जा, सुफियान चौधरी,नदीम ज्योति,पत्थर सलीम, अनस आदि मौजूद रहे।

### निमार्णाधीन पिलर गिर जाने से मजदूरी करने गई युवती घायल

कांधला। नगर के मोहल्ला रायजादगान में पांच दिन पूर्व मजदूरी करने गई एक युवती निमार्णाधीन पिलर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि ठेकेदार के द्वारा समुचित इलाज में पीड़ितों की मदद नहीं की जा रही है। पीड़ित परिजनों ने सरकारी अस्पताल में इलाज कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। बुधवार को नगर के मोहल्ला रायजादगान निवासी बिजय सिंह ने बताया कि गत रविवार को मोहल्ले की ही ज्योति नामक एक युवती उसकी पुत्री नीलम को मजदूरी करने के लिए अपने साथ ले गई थी। पीड़ितों को सूचना मिली कि मजदूरी करते समय निमार्णाधीन पिलर गिर जाने के कारण उसकी पुत्री हादसे के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गई। जब पीड़ित मौके पर पहुंचे तो ठेकेदारों के द्वारा उसकी पुत्री को घायल अवस्था में शामली के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान बताया कि उसकी पुत्री के दोनों पैरों की हड्डी फ्रैक्चर हो गई है जिस कारण वह महीनों तक चल फिर नहीं सकेगी। ठेकेदारों सहित युवती ज्योति ने वादा किया था कि वह घायल युवती



के समुचित इलाज में उनकी पूरी तरह से मदद करेंगे। वादा करने के बाद ठेकेदार उसकी पुत्री को अस्पताल में भर्ती कर मौके से छोड़कर फरार हो गए थे पीड़ितों ने छुट्टी कराने के बाद अपनी पुत्री को घर ले आए। आरोप है कि बुधवार को वह अपनी पुत्री का अल्ट्रासाउंड कराने के लिए नगर के एक निजी क्लीनिक पर पहुंचे थे कस्बे की नई बस्ती निवासी ठेकेदार खुर्शीद और नवाब सहित युवती ज्योति ने अल्ट्रासाउंड मैं खर्च के लिए रुपए देने से मना कर दिया। पीड़ित परिजनों ने घायल युवती को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने मेरठ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर तीन लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### मृतको को कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि

कांधला। नगर एवं क्षेत्र के कई स्थानों पर कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृतकों व घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान सैकड़ो लोगों ने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए रोष प्रकट किया स्कूल कॉलेज में भी छात्र-छात्राओं के द्वारा कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी गई।इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर धर्म पूछ कर आतंकी हमले से आमजन में गम और आक्रोष का माहौल बना हुआ है। आतंकी हमले के दौरान निर्दोष लोगों की मौत से नगर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। बुधवार को नगर के जैन स्थानक पर सैकड़ो की संख्या में सभी समाज के लोगों ने पहलगाम हमले को लेकर कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। जैन स्थानक के समीप पहलगाम हमले में मारे गए सभी मृतको को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद सैकड़ो की संख्या में लोगों ने नम आंखों से कैंडल मार्च निकाला। नगर एवं क्षेत्र के स्कूल, कॉलेजों में कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी गई।

# मानसिक दिव्यांगता व मूक-श्रवण बधिर दिव्यांगता प्रमाण पत्र की मांग



## जनपद के दिव्यांगजनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से लगाई प्रमाण पत्र बनाने की गुहार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली।** जनपद के दिव्यांगजनों ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर मानसिक दिव्यांगता व मूक-श्रवण बधिर दिव्यांगता से संबंधित श्रेणियों के दिव्यांग प्रमाण पत्र जनपद में ही बनवाए जाने की मांग की है।

बुधवार को जनपद के दिव्यांगजनों ने कलेक्ट्रेट में डीएम को संबोधित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि जनपद शमली के जिला अस्पताल में प्रत्येक सोमवार को विकलांगता एवं दिव्यांगता शिविर का आयोजन होता है, जहां पर सैंकडों की संख्या में विकलांग अपना दिव्यांग पत्र बनवाने आते हैं लेकिन दिव्यांगों का प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाता और उन्हें मेरठ के लिए रैफर कर दिया जाता है जिस कारण दिव्यांगजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पडता है। चिकित्सक कहते हैं कि अस्पताल में फिजिशयन, एमडी मैडिसिन्स, न्यूरो सर्जन नहीं है। शामली में अधिकांश श्रेणियों के दिव्यांग प्रमाण पत्र सोमवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में जारी किए जा रहे हैं लेकिन जनपद में मानसिक दिव्यांगता व मूक-श्रवण बधिरता से संबंधित जांच हेतु चिकित्सकों, विशेषज्ञों का अभाव होनेके कारण उक्त प्रकार की दिव्यांगता से संबंधित दिव्यागों को रैफर किया जा रहा है। उन्होंने डीएम से शामली जनपद में ही मानसिक दिव्यांगता व मूक-श्रवण बधिर दिव्यांगता से संबंधित श्रेणियों के दिव्यांग प्रमाण पत्र जनपद में ही बनवाए जाने की मांग की है। इस मौके पर सुंदर सोलंकी, बोबी, असलम, शहजाद, गौरवपाल, राजकुमार, राजेन्द्र, अनुराधा, देवेन्द्र, शमीम, रजत, दीपक कुमार, जावेदभी मौजूद रहे।

# बुजुर्ग की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो कैराना।** बुधवार को क्षेत्र के गांव भूरा निवासी यासीन उर्फ सिन्ना(70) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मकान के आंगन में पड़ा मिला। परिजनों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी, जिस पर प्रशिक्षु सीओ जितेंद्र कुमार व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ में मौके पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने मृतक के परिवारजनों एवं आस-पड़ोस के लोगो से घटना की जानकारी हासिल की। पुलिस ने पंचायतनामें की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतक के भतीजे मुबारिक ने गांव के ही एक व्यक्ति पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।



आरोप है कि आरोपी व्यक्ति ने मृतक यासीन से करीब डेढ़ लाख रुपये उधार ले रखे थे। पैसों का तकाजा करने पर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। मृतक यासीन अविवाहित था। उसने गांव के जंधेड़ी अड्डे के निकट अपने मकान में ही पशुओं के खल-चोकर की दुकान कर रखी थी। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि गांव भूरा में एक बुजुर्ग व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। शव पर चोट आदि का कोई निशान नही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के भतीजे ने गांव के ही एक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। मुकदमा दर्ज करके मामले की गहनता से जांच की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण घायल

कांधला। थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार ग्रामीण को टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने उपचार के लिए राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव से जसाला निवासी मनोज पुत्र रामकिशन अपनी बाइक पर सवार



होकर किसी कार्य से कस्बे में आया हुआ था। ग्रामीण अपना कार्य समाप्त करने के बाद वापस अपने गांव लौट रहा था जैसे ही बाइक सवार थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल के समीप पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया और सड़क किनारे खाई में जा गिरा। वाहन चालक हादसे को अंजाम देकर अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने हादसे की जानकारी 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों को दी। मौके पर तुरंत पहुंचे 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल ग्रामीण को उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। घायल के परिजन भी आ गए।

# पीएमश्री विद्यालय में लाखो के गबन का आरोप, मजिस्ट्रेट जांच की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो चौसाना।** पीएमश्री विद्यालय बल्लामाजरा में करीब छह लाख निकालने के चार महीने बाद भी कार्य नही किए जाने का विरोध करते हुये समिति के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को शिकायत कर समिति को भंग करने व पीएमश्री विद्यायल के निर्माण मे होने वाली धन के दुरूपयोग की मजिस्टैट्ज जांच की मांग की है। आरोप है कि गडबडझाले को छिपाने की नियत से सीसीटीवी कैमरो की डीवीआर को भी हटवा दिया गया। चौसाना क्षेत्र के गांव बल्लामाजरा के प्राथमिक विद्यालय का चयन पीएश्री विद्यालय मे हुआ है। जहॉ पूर्व मे भी दो अध्यापको के मध्य निर्माण कार्य के दौरान गडबडझाले का मामला सामने आया था। अब एसएमसी समिति



के अध्यक्ष जुल्फिकार ने गुणवत्ता व धन को बिना वजह बैंक खाते से निकालकर इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। समिति के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थनापत्र मे आरोप लगाया है कि 27 दिसम्बर 2024 को करीब छह लाख की निकासी ,विद्यालय मे टाईल्स लगवाने,पैंट कराने,पुटटी व बिजली फीटिंग के नाम पर निकाले गये। जिसको निकालने के लिये अध्यक्ष के हस्ताक्षर कराये गये लेकिन पॉच महीने के बाद भी विद्यालय की हालात जस की तस है। अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर समिति को भंग करने,बैंक खाते को सीज कराने ,निर्माण कार्य मे अब तक हुये कार्य की मजिस्ट्रेट जांच कराने की मांग की है। ताकि समिति प्रभारी व डीसी की जॉच हो सके और विद्यालय अच्छे से सम्पन्न बन सके।पूरे मामले मे शिक्षा विभाग का पक्ष जानने को खंड शिक्षा अधिकारी ऊन से सम्पर्क किया गया तो उन्होने फोन नही उठाया।

**पत्नी का प्रभारी बनने से इंकार,पति ने सम्भाली कमान**-चौसाना। आरोप है कि एसएमसी समिति का अध्यक्ष बलवा के प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक मनीष कुमार है,जिनकी पत्नी पीएमश्री विद्यालय बल्लामाजरा मे प्रधानाध्यापक है। जिसमे प्रभारी बनने से इंकार किया तो पति का कमान सौंप दी गई । जिस पर समिति के अध्यक्ष ने विभाग की मंशा पर सवाल उठाये है।

**विद्यालय से चोरी हो गये कैमरे,दर्ज नही कराई रिपोर्ट**

चौसाना। समिति के अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि बीते सोमवार की रात्रि मे बदमाशों ने विद्यालय के कैमरो को चोरी कर लिया और पुलिस को मामले की शिकायत तक नही की गई। आरोप है कि शिकायत करने पर डीवीआर हटाने का सवाल उठेगा।

# सास,बहू ने लगाया पड़ोसियों पर मारपीट करने का आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कांधला।** थाना क्षेत्र की बिजली घर बस्ती निवासी एक महिला ने पड़ोस के आधा दर्जन से अधिक लोगों पर घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट कर पीड़िता सहित उसकी पुत्रवधू को घायल करने का आरोप लगाया है पीड़ित महिला ने आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।थाना क्षेत्र की बिजली घर नई बस्ती निवासी महिला जरीफा ने बताया कि पड़ोस का ही समीम पीड़िता व उसके परिवार से रंजिश रखता है देर रात्रि वह अपनी पुत्रवधू शबाना के साथ घर पर बैठी हुई थी। आरोप है रंजिश के चलते आरोपी अपने आधा दर्जन से अधिक परिवार के लोगों के साथ पीड़ित के घर में घुस गया और लाठी-डंडों से हमला करते हुए उनके साथ जमकर मारपीट की शोर-शराबा होने पर आरोपी दोनों को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। परिजनों ने मोहल्ले के लोगों की मदद से दोनों घायल महिलाओं को उपचार के लिए राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। घायल सास,बहू ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने आश्वासन दिया है।

# प्राइवेट चिकित्सालय इलाज के नाम पर कर रहे मरीजों का शोषण

## भाकियू चढूनी ने आयुष्मान कार्ड से उपचार न करने वाले अस्पतालों पर कार्रवाई की मांग , कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने प्राइवेट चिकित्सालयों द्वारा इलाज के नाम पर मरीज का शोषण करने व आयुष्मान कार्ड से उपचार न करने वाले अस्पतालों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को भारतीय किसान यूनियन चढूनी के जिलाध्यक्ष चौ. निखिल खैवाल के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि प्रदेश के प्रत्येक मुख्यालय पर प्राइवेट अस्पतालों द्वारा इलाज के नाम पर मरीजों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने ऐसे अस्पतालों की मनमानी पर रोक



लगाने के लिए कार्रवाई की मांग की। साथ ही केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड की योजना के तहत जो अस्पताल मरीजों को आयुष्मान कार्ड पर उपचार नहीं कर रहे हैं उनके खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गयी। उन्होंने प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से उपचार न करने वाले अस्पतालों पर कार्रवाई करने, स्वास्थ्य बीमा कार्ड होने के बाद भी अतिरिक्त पैसा लेने की जो व्यवस्था अस्पतालों ने बना रखी है, उसे समाप्त करने, डाक्टर की फीस व अस्पताल के अन्य सभी कार्यों की सरकार द्वारा सूची तैयार कर उसे अस्पताल के बाहर चस्पा करने, दुर्घटना में घायल या इमरजेंसी में कोई मरीज आए तो उसका इलाज सुनिश्चित किया जाए न कि एडवांस में पैसा जमा करने का दबाव बनाया जाए, परिजनों द्वारा आईसीयू में भर्ती मरीज को देखने के लिए सीसीटीवी कैमरा व एलईडी लगाए जाने आदि की मांग की। इस मौके पर धीरजपाल, हरिओम, बहादुर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, बाबूराम, शौराम सिंह, नितिन, प्रभात मलिक आदि भी मौजूद रहे।

# हज यात्रियों को प्रशिक्षण, किया टीकाकरण

कैराना। बुधवार को जनपद हज कमेटी की ओर से की हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए कस्बे के पानीपत रोड पर स्थित प्राचीन मदरसा इशातुल इस्लाम में एक दिवसीय जिला स्तरीय कैंप का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी शामली अनिल कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी, सीएचसी प्रभारी डॉ. शैलेन्द्र चौरसिया व डीआईओ करण चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान मुख्य हज प्रशिक्षक हाजी हाशिम ने तमाम आजमीन-ए-हज को प्रशिक्षण दिया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की टीम में शामिल डॉ. विकास बरनवाल, डॉ. नदीम, डॉ. विपिन, डॉ. हम्माद चौधरी, मोहम्म अली, स्टाफ नर्स बबीता, सविता, मीनाक्षी, नईमा, नरेश



वर्मा, संजू तथा वार्ड ब्वाय रविंद्र द्वारा हज यात्रियों को टीकाकरण किया गया। टीम ने उन्हें एंटी पोलियो डॉट्स पिलाने के साथ ही हैल्थ कार्ड भी वितरित किये। इस अवसर पर तस्लीम अहमद, हाजी अबरार अहमद शमशी, मास्टर समीउल्लाह खान, सूफी अनीस अहमद, डा. अजमतुल्लाह खान, पीरजी अनीस अहमद, मास्टर खुर्शीद, कारी साजिद, इंतजार अंसारी, अहतशामुल हक, हाजी खुर्शीद, हाजी रिजवान, नजम शमशी, अदनान खान आदि का सहयोग रहा।

**गेहूं व गन्ने की फसल में आग लगी**-शामली। क्षेत्र के गांव कुरमाली निवासी एक किसान बुधवार की दोपहर अपने खेत में पडी गन्ने की सूखी पत्तियां जला रहा था, इसी दौरान तेज हवा के कारण कुछ चिंगारी दूसरे किसान के खेत में जा गिरी जिससे उक्त किसान की गेहूं व गन्ने की फसल ने आग पकड ली। फसल में आग लगती देखकर किसान ने मामले की सूचना तुरंत फायर ब्रिग्रेड को दी जिस पर मौके पर पहुंची टीम ने आग पर काबू पा लिया।

**आवश्यकता है**

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें

**आदिल राणा**

जिला प्रभारी शामली

91-9082190000,

91-9997173786

# बैक टू स्कूल कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु की गई जिला स्तरीय उनमुखीकरण कार्यक्रम, दिया निर्देश

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झाखंड), प्रोजेक्ट परख (तैयारी उड़ान की) के तहत 21 अप्रैल 2025 से 10 मई 2025 तक आयोजित हो रही स्कूल रुआर 2025 अभियान के मद्देनजर एक दिवसीय जिला स्तरीय उनमुखीकरण कार्यक्रम (कार्यशाला) का आयोजन पाकुड़ स्थित रविन्द्र भवन में आयोजित हुई। कार्यक्रम के बतौर मुख्यातिथि पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार के पहुंचते ही उनकी जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। वही उपायुक्त मनीष कुमार, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, डीपीआरओ प्रीतिलता मुर्मू, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूर्ति व जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार ने स्कूल रुआर 2025 अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया। वही उपायुक्त मनीष कुमार, अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला अधीक्षक पदाधिकारी , डीपीआरओ, बीडीओ समीर अल्फ्रेड मुर्मू, बीडीओ टुडू दीलिप व बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर जिला स्तरीय उनमुखीकरण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं के द्वारा ड्रॉप आउट हो रहे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने की हर एक अवयवों को दशार्या गया। कार्यक्रम में पाकुड़ जिले के लगभग 1145 विद्यालय के बच्चे ड्रॉप्ड आउट ना हो, जिसके लिए कई अवयवों को साझा किया गया। लेकिन वर्ग पंचम, अष्टम, नवम व ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों में ड्रॉप आउट होने की आशंका के मद्देनजर नजर बनाये रखने की इशयु को भी दशार्या। कहा उल्लेखनीय वर्ग के बच्चों पर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए, कारण इन वर्गों के बच्चों में ड्रॉप आउट होने की सम्भावना ज्यादा होती है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों पर नजर बनाये रखने समेत समाज निर्माण में महत्वपूर्ण अवयवों को भी दशार्या गया। जिससे बच्चों समेत समाज में सकारात्मक आयाम स्थापित हो सके। उपायुक्त मनीष कुमार ने सम्बोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत रूप से फोकस की। उन्होंने कहा कि स्कूल रुआर में शिक्षकों की महत्वपूर्ण है भुमिका होती है। इसके बिना सार्थक ही नहीं बल्कि अधुरा है। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि वे बच्चे जो विद्यालय छोड़ चुके है, उन्हें वापस लाने एवं उन्हें शिक्षित करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि रुआर का मतलब वापस आओ होता है। विद्यालय में अनामांकित 5 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों को हमे विद्यालय में वापस लाना है। इसके अलावे कक्षा 1 से 11 में नामांकित सभी बच्चों को अगली कक्षा में नामांकन सुनिश्चित कराना है। वही नामांकित सभी बच्चों का विद्यालय में उपस्थिति भी सुनिश्चित कराना है। बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए रचनात्मक प्रयासों पर जोर दें। जो बच्चे विद्यालय नहीं आ रहे हैं, उनके घरों में जाकर अभिभावकों से बात करें। उपायुक्त ने बताया कि यह कार्यक्रम 21 अप्रैल से लेकर 10 मई तक चलाया जायेगा।

जिसमें विद्यालय के शिक्षक बाल पंजी का अद्यतीकरण व विद्यालय से बाहर के बच्चों को सूचीबद्ध करना है। जिले को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी शिक्षक, पीआरआई मेंबर, मीडिया प्रतिनिधियों सभी मिलकर शिक्षा विभाग के साथ साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अहम भूमिका निभाएं। उपायुक्त ने बताया कि 24 अप्रैल को जिले एवं सभी प्रखण्डों में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जायेगा। उपायुक्त ने सभी से आग्रह किया कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित कर रक्तदान करवाएं। जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार ने कहा कि बैक टू स्कूल कैंपेन 10 मई तक चलेगा। अभियान के तहत आंगनबाड़ी से प्राथमिक विद्यालय, प्राथमिक से मध्य व मध्य से उच्च तथा उच्च से उच्चतर विद्यालयों में ड्रॉपआउट या अनामांकित बच्चों का नामांकन होगा। स्कूलों को यह मैपिंग करनी है कि कक्षा पांच से छह, कक्षा आठ से नौ व कक्षा 10 से 11 में बच्चों का नामांकन हुआ। विद्यालय स्तर पर 21 अप्रैल से 10 मई तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती ने कहा कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, की एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। सरकार सभी बच्चों को शिक्षित करना चाहती है। ताकि बच्चे शिक्षित हो कर समाज व देश के विकास में अग्रसर हो सके। इस अवसर पर एडीपीओ, एपीओ, बीईईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी, पीआरआई मेंबर, पीएमयू सेल के कर्मी समेत पंचायत मुखिया मौजूद रहे।

# महागामा प्रखंड अंतर्गत महर्षि मेंही हृदय धाम हांहांजोर लहटी के स्थापना दिवस पर आयोजित

एनपीटी ब्यूरो

महागामा (गोड्डा) महागमा में दो दिवसीय संतमत सत्संग का सोमवार शाम को समापन हो गया। सत्संग में भारतवर्ष के विभिन्न पवित्र तीर्थ स्थान से लगभग सौकड़ों संत महात्माओं ने भाग लिया। सत्संग में हजारों की भीड़ संत महात्माओं के दर्शन और प्रवचन सर्वनार्थ उमड़ पड़ी। संत महात्माओं ने सत्संग और संत की महिमा पर प्रकाश डाला। हरिद्वार से पधारे स्वामी ज्ञान शिखर जी महाराज ने उपदेश दिया की जिन्होंने संतों के चरणों को पकड़ लिया उन्हें परमात्मा की प्राप्ति हुई। भगवान श्री राम कृष्ण ने भी गुरु धारण किया है। सच्चे संत सद्गुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज द्वारा बताएं साधना विधि एवं विधि निषेध का पालन कर मानव अपना परम कल्याण कर सकता है। त्रिवेणी संगम संतमत सत्संग के संस्थापक संरक्षक आचार्य स्वामी श्रद्धानंद जी महाराज ने प्रवचन में कहां की प्रत्येक मानव ईश्वर दर्शन कर सकता है। ईश्वर की प्राप्ति के लिए बाहर तीर्थ स्थान, मंदिर, मस्जिद की यात्रा से संभव नहीं है। परमात्मा कण-कण में व्याप्त है। बैठकर सुषुम्ना में ध्यान करने से प्रकाश शब्द के सहारे वहां तक पहुंचा जा सकता है। सच्चाई से जीवन व्यतीत करना चाहिए। अभिषेक बाबा, मनु बाबा सहित दर्जनों महात्माओं ने उपदेश दिया। सोमवार को अंतिम पाली में महागामा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद, थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह, अंचलाधिकारी डॉक्टर खगेंद्र महतो, विपिन बिहारी सिंह सत्संग स्थल पहुंचकर स्वामी श्रद्धानंद जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन से सच्चे ज्ञान की प्राप्ति होती है। हमें अपने बच्चों को अच्छा संस्कार देना चाहिए ताकि वह अच्छा नागरिक बन देश में अपना योगदान दे सके सभी भक्तजनों के लिए भोजन महाप्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई थी

# शिवकुमार बने ग्राम प्रधान संघ के प्रखंड अध्यक्ष

एनपीटी ब्यूरो

गोड्डा ::गोड्डा अंचल क्षेत्र के ग्राम प्रधान संघ के पुनर्गठन को लेकर बुधवार को जिलाध्यक्ष आशुतोष महतो की अध्यक्षता में सदर प्रखंड सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सर्व सम्मति से शिवकुमार साह को प्रखंड अध्यक्ष, कृष्ण मोहन को उपाध्यक्ष, कृष्णकांत महतो को सचिव, प्रदीप कुमार ठाकुर को कोषाध्यक्ष, पंकज कुमार झा को महासचिव, प्रेमलाल महतो को उपसचिव मनोनित किया गया।

जिलाध्यक्ष आशुतोष महतो ने कहा कि शांतिपूर्ण वातावरण में ग्राम प्रधान संघ की सदर प्रखंड कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें प्रखंड के ग्राम प्रधानों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर दर्जनों ग्राम प्रधान व प्रखंड के पदाधिकारियों ने अहम योगदान दिया।

नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष शिवकुमार साह ने सदर प्रखंड के ग्राम प्रधान संघ का अध्यक्ष बनाने के लिए, तमाम ग्राम प्रधानों के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि उनके उपर जो दायित्व सौंपा गया है उसका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि प्रखंड कमेटी गठन के उपरांत प्रधान संघ की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आवाज उठाई जाएगी। इसके लिए शीघ्र ही जिला कमेटी के साथ बैठक कर मांगों की दिशा में आगे की रणनीति तय की जाएगी। इसके पूर्व निर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण किया गया एवं मिठाइयां बांटी गई।

# सड़क जाम खत्म, मुआवजा और नियोजन पर बनी सहमति

एनपीटी ब्यूरो

धनबाद (झाखंड), धनबाद के बेकार बांध के पास सड़क दुर्घटना में निगम के सफाई कर्मी के मौत और दो कर्मी के घायल होने की घटना की सूचना के बाद धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, और धनबाद विधायक राज सिन्हा पहुंचे। सांसद एवं विधायक की मौजूदगी में आउटसोर्सिंग कम्पनी के साथ मुआवजे को लेकर वार्ता के बाद सड़क जाम को समाप्त कर दिया गया। वही मृतक के परिवार को 10 लाख मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी देने पर सहमति बनी। मृतक की पत्नी को हर महीने वेतन का 80 प्रतिशत पेंशन देने का निर्णय लिया गया। वही घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का वादा किया गया। जनप्रतिनिधियों और कम्पनी के बीच चली लंबी वार्ता के बाद समझौता हुआ और जाम को हटाया गया।

## आतंकी हमले के खिलाफ भाजपा का आक्रोश मार्च

एनपीटी ब्यूरो, धनबाद (झाखंड), जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ भाजपा ने आक्रोश मार्च निकाला। धनबाद के गोल्फ ग्राउंड से रणधीर वर्मा चौक तक यह आक्रोश मार्च हुआ। इस आक्रोश मार्च में सांसद ढील्लु महतो,, धनबाद विधायक राज सिन्हा, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो के अलावे तमाम भाजपाई शामिल हुए,भाजपाई हाथों में तख्तीयां लिए पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवाद मुर्दाबाद का नारा लगाते चल रहे थे। इस बाबत सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि इस घिनौनी करतूत करनेवाले आतंकवादियों को बख्शा नहीं जायेगा. देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री निश्चित तौर पर आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कारवाई करेंगे। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि देशद्रोह जो भी शक्तियां हैं और पाकिस्तान के इशारे पर काम कर रही है, उनपर कठोर से कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है।

# 5 मई से 8 मई 2025 तक आयोजित होगी मूल्यांकन

एनपीटी

झारखण्ड सीएम हेमन्त सोरेन और शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के उत्कृष्ट शिक्षा एवं दूरदर्शी सपनों को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा स्कूल स्कोर कार्ड योजना के रूप में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी पहल की गई है। विद्यालयों के शैक्षणिक वातावरण में सकारात्मक बदलाव और स्कूलों के बीच स्वस्थ एवं पारदर्शी प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने लिए विद्यालयों का करीब 1000 अंकों में मूल्यांकन किया जायेगा। इसका प्रथम चरण 5 मई 2025 से 8 मई 2025 तक आयोजित किया जायेगा। मूल्यांकन के आधार पर विद्यालयों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज श्रेणी में प्रमाणित किया जायेगा।आइए झारखंड के सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार और विद्यार्थियों के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए की गई इस अभिनव पहल को मिलकर सफल बनाएं।

# सरकारी आवास आवंटन समिति की हुई बैठक

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झाखंड), उपायुक्त मनीष कुमार ने पदाधिकारियों एवं कर्मियों के आवास को जीणोद्धार हेतु भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को प्राक्कलन बनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही परिसर का सौंदर्यीकरण करने, पेड़ लगाने, बाउंड्रीवॉल मरम्मती एवं सर्किट हाउस की मरम्मति करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, प्रभारी, सामान्य शाखा मोहनलाल मरांडी, जिला स्थापना उप समाहर्ता मनीष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च

एनपीटी ब्यूरो

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गये निर्दोष भारतीय नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च आयोजन किया। वही 23 अप्रैल 2025 को पाकुड़ युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिलाल शेख के नेतृत्व में पाकुड़ जिला कांग्रेस भवन के सामने समय करीब शाम 6 बजे कैंडल मार्च निकाला गया। साथ ही मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कॉस्ट्यूम ज्वेलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का डीसी ने की शुरूआत

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झाखंड), बीते बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सोनजोड़ी पाकुड़ में पलाश (जेएसएलपीएस) पाकुड़ के सखी मंडल के दीदियों का 14 दिवसीय कॉस्ट्यूम ज्वेलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसका विधिवत उद्घाटन उपायुक्त श्री मनीष कुमार, निदेशक आरसेटी, पाकुड़ राजेश कुमार मिश्रा, जिला प्रबन्धक (आजीविका) वीरेंद्र कुमार और वरिष्ठ संकाय अमित कुमार बर्धन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने दीदियों को सम्बोधित करते हुए कौशल प्रशिक्षण के महत्व के बारे में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का अधिकाधिक लाभ प्राप्त कर स्वावलंबी बने। उन्होंने आरसेटी पाकुड़ में प्रशिक्षण को लगातार संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निदेशक आरसेटी पाकुड़ राजेश कुमार मिश्रा, जिला प्रबन्धक (आजीविका) वीरेंद्र कुमार* ने सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दी। मंच का संचालन करते हुए वरिष्ठ संकाय अमित कुमार बर्धन ने दीदियों को स्वरोजगारी बनने की सलाह दी। जीवन स्तर को सुधार करने में प्रशिक्षण के महत्त्व को बताया। वर्तमान समय में हुनरमंद होना नितांत आवश्यक है। पाकुड़ जिला की युवाओं और सखी मंडल की महिलाएं स्वरोजगार कर अच्छी आय प्राप्त कर रही हैं। लाभुकों को इस प्रशिक्षण के साथ साथ विपणन, उद्यमी योग्यता, समय प्रबंधन, वित्तीय समावेशन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंकिंग, बीमा आदि से संबंधित जानकारी दी जायेगी।

# कैशलेस कार्ड बनाए जाने हेतु 24 से 26अप्रैल तक विकास भवन सभागार में किया जाएगा कैंप का आयोजन

एनपीटी ब्यूरो

बरेली । मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश ने बताया कि उ.प्र. सरकार द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत उ.प्र. राज्य के सरकारी सेवकों तथा सेवानिवृत्त सेवकों एवं उनके आश्रितों के कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने का प्रावधान है। यह सुविधा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत आबद्ध समस्त निजी चिकित्सालयों एवं सरकारी चिकित्सालयों में उपलब्ध होगी। निजी आबद्ध चिकित्सालय में प्रत्येक लाभार्थी परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख तक की कैशलेस सुविधा उपलब्ध होगी।

योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रत्येक पात्र लाभार्थी के पास स्टेट हेल्थ कार्ड कार्ड उपलब्ध होना अनिवार्य है, जिसकी सहायता से आबद्ध चिकित्सालय में लाभार्थी की पहचान सुनिश्चित करने के उपरांत ही कैशलेस चिकित्सा उपलब्ध हो सकेगी। 24 अप्रैल 2025 से 26 अप्रैल 2025 तक विकास भवन बरेली के भूतल सभागार में कैंप आयोजित किया जाएगा

## आतंकवाद के विरोध जनसमूह में आक्रोश

# सड़कों पर उतरे लोग पाकिस्तान का पुतला फूंका



एनपीटी ब्यूरो

बरेली। नाथनगरी सुरक्षा समूह की ओर से पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया गया। बुधवार को सेठ दामोदरदास पार्क में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के विरोध में नारेबाजी की जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जिलाधिकारी कार्यालय पर पाकिस्तान के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई और पुतला फूंका गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। संगठन के महामंत्री दुर्गेश गुप्ता ने कहा कि आतंकवादियों की हरकत बेहद कायरना है, जिस तरह निर्दोष लोगों के धर्म पूछ कर निशाना बनाया गया है वह गंभीर है। केंद्र सरकार को जल्द ही इस पर कार्रवाई करनी चाहिए।

पहलगाम में आतंकी हमले में निर्दोष लोगों के मारे जाने पर लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।मंडल शाहजहांपुर के सेंट्रल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। वहीं, हिंदू संगठनों ने भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। सेंट्रल बार एसोसिएशन की ओर से बुधवार को एक आम सभा का आयोजन राजीव सभागार में किया गया। इसमें जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या किए जाने पर गहरा दुख व शोक संवेदना व्यक्त की गई। बरेली बार एसोसिएशन ने घटना की घोर निंदा करते हुए भारत सरकार से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस व प्रभावी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# हाउस टैक्स जमा करने वालों के लिए खुशखबरी, तीन महीने के लिए मिला मौका... 10% की छूट

एनपीटी ब्यूरो




बरेली। नगर निगम ने संपत्ति कर दाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए तीन माह तक टैक्स में 10 फीसदी छूट देने का निर्णय लिया है। माना जा रहा है कि इससे अधिक से अधिक हाउस टैक्स जमा होगा।

नगर निगम क्षेत्र में 2 लाख 28 हजार भवनों को टैक्स के दायरे में माना गया है। 2025-26 में 170 करोड़ वसूली का लक्ष्य रखा गया है। 7 अप्रैल को उपसभापति सर्वेश रस्तोगी, सपा पार्षद गौरव सक्सेना, राजेश अग्रवाल ने मेयर उमेश गौतम और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को पत्र देकर मांग की थी कि टैक्स पर छूट की घोषणा की जाए।

इस साल भी ऑनलाइन टैक्स जमा करने वाले करदाताओं को एक प्रतिशत की अतिरिक्त छूट की मांग की थी। मेयर उमेश गौतम ने अप्रैल, मई और जून में टैक्स जमा करने पर 10 फीसदी की छूट देने का निर्णय लिया है।

पोर्टल खुलने के बाद उपभोक्ता घर बैठकर ही बरेली-311 एप और निगम की वेबसाइट- ptms-citizen.nagarnigambareilly.comसे भवन की आईडी, विवरण, फोटो, बिल की जानकारी ले सकते हैं। सोमवार से पोर्टल खुलने के बाद छूट देने की घोषणा की गई है- प्रदीप कुमार मिश्र, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी

# पुलिस ने गांजा के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ नगर थाना पुलिस ने गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। दरअसल गुप्त सूचना के आधार पर पाकुड़ नगर थाना पुलिस ने एक गुमटी में छापेमारी की। तलाशी के दौरान पुलिस ने गुमटी से काफी मात्रा में गांजा बरामद किया। वहीं थाना प्रभारी प्रयाग राज ने बताया कि सूचना के आधार पर जिदातो मिशन गेट स्थित एक गुमटी में कार्यपालक दण्डाधिकारी, पाकुड़ के समक्ष तलाशी के दौरान बरामद गांजा को विधिवत रूप से जब्त किया गया तथा उक्त गुमटी के मालिक, जो व्यापक मात्रा में गांजा क्रय-विक्रय एवं भंडारण करने वाले अभियुक्त अरविन्द कु० यादव (पिता- स्व० हिरालाल यादव, सा० बलिहारपुर, थाना- नगर, जिला- पाकुड़ ) को गिरफ्तार किया गया। वही समाचार लिखे जाने तक पुलिस आगे की कारवाई कर रही थी।

# आईटीएस मोहननगर गाजियाबाद के वार्षिकोत्सव नवतरंग - विसविग 2025 में सिंगर राहुल जैन के गानों पर जमकर थिरके छात्र-छात्राएं

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**





गाजियाबाद। आईटीएस मोहन नगर गाजियाबाद के वार्षिकोत्सव नवतरंग - विसविग 2025 का भव्य समापन सुविख्यात गायक राहुल जैन की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ। समापन समारोह के अवसर पर आईटीएस दि एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने राहुल जैन का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र छात्राओं को एक सार्थक मंच उपलब्ध करना है, जहाँ पर वे अपनी प्रस्तुति से अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर पाएं। आईटीएस संस्थान द्वारा दो लोकप्रिय प्लेबैक सिंगर ह्लराहुल जैनह्व एवं ह्लकार्तिकह्व को आमंत्रित किया गया था, जहाँ एक ओर राहुल जैन ने 'तेरी याद, 'घर से निकला, ना तुम रहे तुम और चल दिया तुमसे दूर, झूठा कहीं का, छोरियाँ छोरों से कम नहीं होती, मैं तो जी रहाह्व जैसे सुपरहिट गीत गाये वहीं दूसरी ओर लोकप्रिय गायक कार्तिक ने रिम झिम , रुक जाना नही, मुसाफिर, गुलाबी आँखें , औ रे पिया, तुम ही पिया , अपना बना ले , माँ तुझे सलाम , मितवा , जैसे सुपर हिट गीत गा कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों ने इस अवसर का भरपूर आनंद लिया और खूब जमकर नाचे। इस अवसर पर आई. टी. एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के चेयरमैन डॉ. आर. पी. चड्ढा, वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, सचिव बी. के. अरोरा, डायरेक्टर पीआर सुरेंदर सूद, आईटी एवं यूजी कैंपस के डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पांडेय, आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. अजय कुमार, इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के निदेशक डॉ वी एन बाजपेई, यूजी कैंपस की वाईस प्रिंसिपल डॉ. नैंसी शर्मा, अध्यापकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। राजधानी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए मौज मस्ती, डांस, गाने-बजाने एवं धूम मचाने का दिन रहा। यह अवसर था जब आईटीएस मोहननगर संस्थान ने अपने सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव नवतरंग-विसविग- इंटर कॉलेज कल्चरल फेस्ट 2025 का आयोजन किया। दो दिन चले इस वार्षिकोत्सव में 23 तरह की विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे क्विज, क्रॉसवर्ड, बिजनेस प्लान, सोलो डांस, ग्रुप डांस, टी शर्ट पेंटिंग, क्रिएटिव राइटिंग, नेल आर्ट, स्ट्रीट प्ले, सोलो सिंगिंग, बैटल ऑफ बैंड, पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग, फैशन शो, पोएट्री, मिमिक्री, अंताक्षरी, डुएट सिंगिंग, डिबेट कम्पटीशन, रंगोली, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, सुडोकु आदि का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लगभग 112 महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के तीन हजार से भी अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मोदीनगर, मुरादनगर, हापुड़ के साथ दिल्ली विश्विद्यालय, इंदरप्रस्थ विश्वविद्यालय, डॉ. एपीजे अब्दुल कलम प्राविधिक विश्वविद्यालय, सुभारती विश्वविद्यालय एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने खूब बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आकर्षक नकद पुरुस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। इस अवसर पर चेन्नई के सुविख्यात गायक कार्तिक कि भावपूर्ण प्रस्तुति ने सभी को भाव विभोर कर दिया।

इसके पूर्व वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन उद्घाटन समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में चड्ढा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी अद्भुद संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। दूसरे दिन चली विभिन्न प्रतियोगिताओं सोलो डांस, अंताक्षरी, बेस्ट आउट ऑफ वैस्ट, डिबेट कम्पटीशन, रंगोली, सुडोकु, वॉर ऑफ बैंड्स, और डुएट सिंगिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक नकद पुरुस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गए।

# विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा कश्मीर के पहलगाम में हुई हिंदुओं की नृशंस हत्या के विरोध में किया पुतला दहन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**




गाजियाबाद। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल गाजियाबाद महानगर द्वारा कश्मीर के पहलगाम में हुई हिंदुओं की नृशंस हत्या के विरोध में इस्लामिक जिहाद का पुतला दहन किया गया। विहिप के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल इस घटना की भर्त्सना करते हैं, यह हमला हिन्दू समाज की अस्मिता को चुनौती देता है, इस्लामिक जिहादियों ने हिंदू हो या मुसलमान पूछ कर हिन्दूओं के सिर पर गोली मार दीं। उन्हें कलमा पढ़ने को कहा गया, उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला पूरे देश को घाव दे गया है। इस घटना में 29 लोगों के मृत्यु होने की सूचना है। इस घटना से संपूर्ण हिंदू समाज आक्रोश में है और इसका पुरजोर विरोध करता है, यह कोई आम आतंकी हमला नहीं है यह पाकिस्तान के भारत के खिलाफ युद्ध की सार्वजनिक घोषणा है। इस अमानवीय घटना से पूरा देश आहत है और इस घटना से साफ है कि 1990 आतंकवाद के दिन वापस आने की कोशिश कर रहे हैं,। कुछ लोग कहते हैं कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता लेकिन इस घटना से स्पष्ट होता है कि आतंकवादियों का धर्म होता है। विश्व हिन्दू परिषद केंद्र सरकार से मांग करता है कि इन आंतकवादी को जड़ से समाप्त कर घाटी को इनके आंतक से मुक्त करें।

इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर संघचालक धुरेन्द्र , विनय कक्कर, पवन अग्रवाल, विभाग संगठन मंत्री साहिल वालिया, मुदित शर्मा, नवीन गौतम, निखिल त्यागी, अमित त्यागी, अश्विनी शर्मा, व्यापारी नेता बाल किशन (बालू भाई), डॉ कैप्टन सुबोध गुप्ता, अंबिका प्रसाद भारद्वाज (डीएसपी सेवा निवृत्त) संदीप बंसल, संजीव मित्तल, डॉ राजीव गोयल, डॉ सुरेन्द्र गुप्ता, इत्यादि उपस्थित रहे।

# पहलगाम में हुए पाकिस्तानी आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च



वसुंधरा। अग्रसेन चौक से सैकड़ों महिलाओं पुरुषों ने पहलगाम में हुए हमले में 27 यात्रियों पर गोलियां बरसाई। विरोध में एक विशाल कैंडल मार्च निकाला। इस कैंडल मार्च में शामिल लोगों का कहना था कि पहचान कर ही हिन्दुओं की हत्या की और घायल किया। क्या हिन्दू होना गुनाह है। उनसे कलमा पढ़ने को कहा और न पढ़ने पर गोलियां मार दी। घटना की निंदा करते हुए आतंकवादियों को गोली मारो, फांसी दो पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे भी लगाए। अटल चौक पर सभी लोगों ने दुख की इस घड़ी में मृतकों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की। इस दौरान स्थानीय पार्षद प्रतिभा शर्मा, राजीव शर्मा, राजेश गुप्ता, सुशील कुमार, श्रवण कुमार, आनन्द मिश्रा, ज्योति, एस पी जैन, अनिल, विकास शर्मा आदि शामिल रहे।

# देश की पहली अकऔर रोबोटिक्स लैब की शुरूआत डी. पी.एस. इंदिरापुरम में



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाज़ियाबाद गाजियाबाद डी.पी.एस. इंदिरापुरम ने बदलते भारत की तस्वीरों में आने वाली पीढ़ी के लिए एक सराहनीय बड़ा कदम उठाते हुए भारत देश की पहली ए.आई. और रोबोटिक्स लैब की शुरूआत की है। स्कूल के बच्चे अब अपनी पढ़ाई के साथ-साथ रोबोट चलाना, कोडिंग करना और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की टेक्नोलॉजी को अपने करीब से सीखने का मौका मिलेगा। लैब की लॉन्चिंग के मौके पर ह्यूमनॉ रोबोट्स और रोबोटिक डॉग्स का लाइव डेमो भी दिखाया गया, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा खींचा। क्योंकि यह मशीन है अभी आप किसी अन्य के माध्यम से देख पा रहे थे लेकिन अब आप यह मशीन है अपने सामने ही देख पाएंगे और उनके बारे में अधिक जान पाएंगे यह आपके मन में इनको लेकर कोई सवाल है तो वह भी आप इस लैब में जाकर अपने सवालों को दूर कर सकते हैं इन मशीनों ने सिर्फ इंसानों से बातचीत की, बल्कि ये दिखाया कि कैसे रोबोट्स को हेल्थकेयर, और एंटरटेनमेंट जैसे फील्ड्स में इस्तेमाल किया जा सकता है स्कूल की प्रिंसिपल प्रिया जान ने संवाददाता नरेश चंद्र से बातचीत के दौरान बताया कि ये सिर्फ एक लैब नहीं, बल्कि बच्चों के लिए भविष्य के दरवाजे खोलने जैसा है। आज के बच्चे जो सोचते हैं, वो कल को हकीकत बना सकते है। और ये लैब उन्हें वही प्लैटफॉर्म देने का काम कर रही है इस की शुरूआत से बच्चों को अ। और रोबोटिक्स की पढ़ाई थ्योरी में नही बल्कि प्रैक्टिकली सिखाना है। स्कूल के बच्चे बेसिक ज्ञान से लेकर एडवांस तक की कोडिंग, मशीन लर्निंग और रोबोट बनाना सीखेंगे। आने वाले समय में अब भविष्य सिर्फ किताबों से नहीं, बल्कि अपनी स्किल्स और टेक्नोलॉजी की समझ से भी भविष्य बनाया जा सकता है स्कूल एजुकेशन अब सिर्फ क्लासरूम तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि वो आने वाले भविष्य के लिए बच्चों को टेक्नोलॉजिकल की दुनिया में उनको तैयार कर रही है इस मौके पर स्कूल के बच्चों द्वारा बहुत ही रोमांचक और जोश भरे माहौल में एआई और रोबोटिक कैसे भविष्य में काम करेंगे इसको भी मंच के माध्यम से दिखाया गया। इस मौके पर वोट के को-फाउंडर अमन गुप्ता, स्कूल मैनेजमेंट के मेंबर्स अभिषेक बंसल और गिरीश कुमार सनदेव, और स्कूल की प्रिंसिपल प्रिया एलिजाबेथ जॉन आदि स्कूल के स्टाफ मौजूद रहे ।

# क्रांतिकारी शहीदों को किया नमन



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

शालीमार गार्डन एक्सटेंशन। उत्तरांचल भ्रातृ समिति के अध्यक्ष नरेश देवरानी व समिति के वरिष्ठ नागरिकों , मातृशक्ति युवाओं और पदाधिकारी द्वारा शालीमार गार्डन में पेशावर क्रांति की याद में पेशावर कांड के नायक वीर चंद्र सिँह गढ़वाली जी की प्रतिमा स्थल मूर्ति पर माल्यार्पण किया।और इस दिन को देश के लिए ऐतिहासिक बताया अंग्रेजों शासन के समय गढ़वाल राइफल में प्रमुख होने पर निहत्ते पठानों पर गोली चलाने से मना किया जिसे पेशावर क्रांति का नाम दिया गया। माता अहिल्या बाई होल्कर जी की मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया और आजादी की लड़ाई में शहीद होने वाले मंगल पांडे जी का माल्यार्पण किया। समिति के संरक्षक दलीप उनियाल नरेंद्र सिंह नेगी दलवीर रावत किशोरी देवली नंदन रावत हरीश खर्कवाल दरबान नेगी विजय रावत नगेंद्र भंडारी विजय जुगराण, चंद्र मोहन केमनी दीपक बिष्ट,अशोक पटवाल , तारा दत्त जीतू रावत सुनील बिष्ट, सुरेंद्र रावत लखन पटवाल मनोज अधिकारी, अनिल नौटियाल पूर्व पार्षद पवन रेड्डी जी ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दी।

# एमआईईटी पब्लिक स्कूल में विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया



मेरठ। एमआईईटी पब्लिक स्कूल, जागृति विहार में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने ‘विश्व पुस्तक दिवस’ के अवसर पर ज्ञानवर्धक और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पुस्तकों के महत्व को रेखांकित किया। विभिन्न कक्षाओं में अध्यापिकाओं ने बच्चों को पुस्तकों के महत्व पर प्रेरक जानकारी दी, यह समझाते हुए कि पुस्तकें न केवल ज्ञान का भंडार हैं, बल्कि हमारी कल्पनाओं को उड़ान भी देती हैं। बच्चों को यह भी बताया गया कि पुस्तकें हमारे जीवन की सबसे अच्छी साथी होती हैं और हमें इनसे अधिक से अधिक जुड़ने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को विभिन्न रोचक पुस्तकों से परिचित कराया गया, जिससे उनकी जिज्ञासा और पढ़ने की इच्छा और भी प्रबल हुई। उन्हें यह भी सिखाया गया कि पुस्तकों की देखभाल और उन्हें सुरक्षित रखना कितना आवश्यक है।

इस विशेष दिवस पर बच्चों ने अपनी पसंदीदा पुस्तकों के लिए आकर्षक कवर डिजाइन किए और रचनात्मक बुकमार्क भी तैयार किए। संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. सिल्की वर्मा,कोऑर्डिनेटर शिखा सचदेवा और नेहा तोमर ने किया।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन,100 यूनिट रक्त संचय



साहिबाबाद। गाजियाबाद के इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर इंद्रप्रस्थ कॉलेज व रोटरी क्लब गाजियाबाद नॉर्थ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन निदेशक प्रो.डॉ अजय कुमार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, प्रो डॉ मिनाक्षी शर्मा और मीडिया हेड अजय चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। रक्तदान शिविर में 100 यूनिट रक्त संचय किया गया। रक्तदान शिविर में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया। लगभग 60 छात्रों ने पहली बार रक्तदान किया और उन्होंने बताया कि रक्तदान हमे करना चाहिए और रक्तदान करने से हम चार जिंदगी बचा सकते है और रक्तदान महादान होता है। जिससे सभी लोगो को करना चाहिए।

निदेशक प्रो.डॉ अजय कुमार ने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरा कम हो जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। इसलिए समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए।

# सादगीणूर्ण ढंग से मनाया जिलाधिकारी का विदाई समारोह, पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को दी श्रद्धांजलि.

बरेली। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार का विदाई समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों ने सादगीपूर्ण ढंग से मनाया। सबसे पहले जिलाधिकारी समेत अन्य अफसर और मीडियाकर्मियों ने कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला व जिला सूचना अधिकारी नीतू कन्नौजिया भी मौजूद रहीं। बताते चलें कि जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार को शासन ने नई तैनाती दी है। उन्हें आजमगढ़ का जिलाधिकारी बनाया गया है। नये तैनाती स्थल पर ज्वाइन करने से पूर्व बुधवार को उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों से मुलाकात की। कार्यक्रम की शुरूआत में सबसे पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कहा कि सरकारी नौकरी में ट्रांसफर होना एक प्रक्रिया है और शासन ने मुझे जो नई जिम्मेदारी सौंपी है मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। सिटी मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला ने जिलाधिकारी की कार्यप्रणाली और उनके व्यवहार की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक बेहतरीन अफसर बताया। जिला सूचना अधिकारी नीतू कन्नौजिया ने भी उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि, वे एक बेहतरीन अधिकारी हैं, वह बहुत ही सरल और सीनियर अधिकारी हैं।

# जाबांज महिला उपनिरीक्षक का कारनामा महिला थाना पुलिस को मिली कामयाबी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



गाजियाबाद। गाजियाबाद महिला थाने के फरार आरोपी को न्यायालय परिसर के बाहर से लिया हिरासत में

अकेली महिला उपनिरीक्षक ने दौडकर आरोपी को गिरफ्तार किया फरार आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम लगी हुई थी टीम को सूचना मिली की आरोपी न्यायालय में पेश हो सकता है जिसे पकडने के लिए टीम लगाई गई थी

जिस रास्ते से आरोपी न्यायालय परिसर में पहुचा वहा तैनात महिला उपनिरीक्षक ने आरोपी को पहचान लिया पास पहुचते ही आरोपी ने दौड लगा दी अकेली महिला उपनिरीक्षक ने दौडकर आरोपी को पकडा

‘नेशनल प्रेस टाइम्स’
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com

नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।